आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

यश भारत

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 141- ● जबलपुर ● बुधवार, 22 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

अफगानिस्तान में तेज भूकंप से तबाही

250 से ज्यादा लोगों की मौत ,भारी नुकसान की आशंका

काबुल ,एजेंसी। अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके आए हैं, इसके चलते फिलहाल 250 लोगों के मरने की खबर मिली है। यह आंकड़ा और ज्यादा हो सकता है। इसके अलावा करीब 150 लोगों के घायल होने की सूचना है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 आंकी गई है। बड़े नुकसान का अनुमान है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के खोस्त शहर से करीब 44 किलोमीटर दूर था और 51 किलोमीटर की गहराई में था। ये भूकंप इतना तेज था कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के लाहौर, मुल्तान, क्वेटा में भी लोगों को झटके महसूस हुए। इसके अलावा भारत में भी झटके महसूस किए जाने की खबर है।

पाकिस्तान में भी आया भूकंप

इससे पहले मंगलवार देर रात पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां रात दो बजकर 24 मिनट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। राहत की बात यह है कि पाकिस्तान में आए भूकंप में किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इसके अलावा देर रात मलेशिया में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता यहां 5.1 रही।

कैसे आता है भूकंप?

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकरना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

भूकंप की तीव्रता

रिक्टर स्केल पर 2.0 से कम तीव्रता वाले भूकंप को माइक्रो कैटेगरी में रखा जाता है और यह भूकंप महसूस नहीं किए जाते। रिक्टर स्केल पर माइक्रो कैटेगरी के 8,000 भूकंप दुनियाभर में रोजाना दर्ज किए जाते हैं। इसी तरह 2.0 से 2.9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1,000 भूकंप प्रतिदिन आते हैं इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते। वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3.0 से 3.9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49,000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इनसे कोई नुकसान पहुंचता है। लाइट कैटेगरी के भूकंप 4.0 से 4.9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6,200 बार रिक्टर स्केल पर दर्ज किए जाते हैं।

पुलवामा-बारामूला एनकाउंटर में 4 आतंकी ढेर

श्रीनगर,एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को बारामूला और पुलवामा में सुरक्षा बलों ने एनकाउंटर में चार आतंकी को मार गिराया। इनमें तीन आतंकी को बारामूला में और एक को पुलवामा में ढेर किया गया। मारे गए आतंकियों में एक की पहचान आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के माजिद नजीर के रूप में हुई है। आईजीपी विजय कुमार ने बताया कि माजिद पंपोर में सब-इंस्पेक्टर फारूक अहमद मीर की हत्या में शामिल था। आईजीपी के मुताबिक बाकी तीन आतंकियों की पहचान की जा रही है। दोनों स्थानों पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चला रखा है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के पंपोर इलाके में आतंकियों ने सब-इंस्पेक्टर फारूक अहमद मीर की हत्या कर दी थी। फारूक अहमद मीर संबूरा में अपने घर से निकल कर धान के खेतों की तरफ गए थे, जहां आतंकियों ने उन्हें अपना निशाना बनाया था। वे पंपोरा के लेठपेरा में 23 बटालियन IRP में तैनात थे। उनके परिवार में पिता, पत्नी और तीन बच्चे हैं। इनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं।

105 साल की उड़न परी ने बनाया 100 मीटर दौड़ में नया रिकॉर्ड

रोहतक ,एजेंसी। जिस उम्र में लोग खटिया पकड़कर मरने की बातें करते हैं उस उम्र में हरियाणा की एक परदादी ने रविवार को गुजरात के वडोदरा में ऐथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राष्ट्रीय ओपन मास्टर्स ऐथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेकर नेशनल रिकॉर्ड बनाकर सभी को हैरान कर दिया है। हरियाणा के चरखी दादरी गांव में रहने वाली राम बाई की उम्र 105 साल है। उन्होंने 45.40 सेकंड में रेस पूरी की। उनसे पहले यह रिकॉर्ड मान कौर के नाम था, जिन्होंने 74 सेकंड में रेस पूरी की थी। राम बाई पहले भी दौड़ और लंबी कूद में 4 गोल्ड जीत चुकी हैं। वे हर दिन 250 ग्राम घी खाती हैं और 5 से 6 किलोमीटर दौड़ती हैं। पिछले साल शुरू की रेसिंग, अब विदेश में दौड़ लगाने की चाहत इस मुकाबले में रामबाई ने 100 से अधिक उम्र की कैटेगरी में रेस में भाग लिया था।

उद्धव सरकार की सूरत पर संकट की लकीरें

उद्धव के इस्तीफे पर सस्पेंस विस भंग होने की भी अटकलें

मुंबई,एजेंसी। महाराष्ट्र में सियासी संकट जारी है। शिवसेना के दिग्गज नेता एकनाथ शिंदे ने बड़ी बगावत कर दी है, जिसके कारण उद्धव ठाकरे सरकार पर संकट मंडरा रहा है। ताजा खबर यह है कि सूरत में ठहराए गए शिवसेना के बागी विधायकों को बुधवार सुबह असम की राजधानी गुवाहाटी लाया गया। गुवाहाटी एयरपोर्ट पर एकनाथ शिंदे ने बड़ा दावा किया। बकौल एकनाथ शिंदे, मेरे साथ शिवसेना के 40 विधायक मौजूद हैं। खबर यह भी है कि एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र राज्यपाल को चिट्ठी भी लिख दी है और माना जा रहा है कि वे जल्द ही राज्यपाल से मिल सकते हैं और उद्धव ठाकरे से बहुमत साबित करने के लिए कहेंगे। वहीं मुंबई में उद्धव ठाकरे समेत एनसीपी और कांग्रेस की सांसें चढ़ी हुई हैं। इसी बीच शिवसेना नेता संजय राउत द्वारा विधानसभा भंग होने के संकेत देने के बाद से महाराष्ट्र में राजनीतिक हलचलें बढ़ गई हैं। भाजपा के सभी विधायक देवेंद्र फडणवीस के घर जुटने लगे हैं।

राज्यपाल-मुख्यमंत्री कोरोना संक्रमित

सियासी संकट के बीच कोराना भी प्रभावी हो गया है। राज्यपाल कोश्यारी के बाद अब मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं।इसके बाद ही उनके सारे कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कैबिनेट बैठक में जुटेंगे। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने उद्धव के कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी दी। कांग्रेस नेता कमलनाथ की मुलाकात

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से नहीं हो पाई। कमलनाथ उद्धव से मिलने से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पहुंचे। वहां से बाहर निकलते वक्त उन्होंने जानकारी दी कि उद्धव ठाकरे कोरोना पॉजिटिव हैं, इसलिए अब वे उनसे मुलाकात नहीं कर पाएंगे। और वे अब हृष्टक्क सुप्रीमो शरद पवार से मिलने जा रहे हैं। उद्धव ठाकरे के बारे में कहा जा रहा है कि अब वे इस्तीफा देने का मन बना रहे हैं। इस बारे में उद्धव अपने सहयोगियों और सरकार के साथियों से विचार-विमर्श कर रहे हैं। शिवसेना की सोच यही है कि विधानसभा में सरकार गिरने से अच्छा है कि उद्धव पहले ही इस्तीफा दे दे। इधर, चर्चा हैं कि महाविकास अघाड़ी सरकार विधानसभा भंग करने की सिफारिश भी कर सकती है। शिवसेना सांसद संजय राउत ने इसके संकेत दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- महाराष्ट्र में जो पॉलिटिकल हलचल है, वो विधानसभा भंग करने की दिशा में बढ़ रही है। सियासी हलचल के बीच मुख्यमंत्री उद्धव के बेटे आदित्य ठाकरे ने अपने ट्विटर बायो से मंत्री पद हटा दिया है।

शिंदे कैंप में फूट

शिंदे कैंप के विधायक नितिन देशमुख ने बड़ा बयान दिया है। नितिन देशमुख के मुताबिक, उन्हें धमका कर ले जाया गया था। मैं उद्धव ठाकरे और शिवसेना के साथ हूं। सूरत में मुझे जबरदस्ती रखा गया। मुझे हार्ट अटैक नहीं आया था। वहां डॉक्टर मेरे शरीर पर कुछ करना चाहते थे। मुझे मारने की साजिश थी। 100 से अधिक पुलिस वाले मेरे पीछे थे। मुझे जाने नहीं दिया गया। अब मैं मुंबई जा रहा हूं। बता दें, नितिन देशमुख की पत्नी ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई थी।

छग -ओडिशा सीमा पर नक्सली हमले में 3 जवान शहीद

CRPF की रोड ओपनिंग पार्टी ड्यूटी पर निकली थी

गरियाबंद,एजेंसी। छत्तीसगढ़-ओडिशा की सीमा पर मंगलवार को सुरक्षाबलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में CRPF के 3 जवान शहीद हो गए। दरअसल CRPF की रोड ओपनिंग पार्टी (ROP) ड्यूटी पर निकली थी। उसी दौरान हमला हो गया। जवानों ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। जानकारी मिली है कि नक्सलियों को पहले से इस बात की सूचना थी कि जवान यहां पर आने वाले हैं। इसलिए उन्होंने एंबुश (घात) लगाकर जवानों को फंसाया, फिर फायरिंग शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद इलाके से लगे ओडिशा के नुवापाडा जिले में CRPF 19 बटालियन के जवान रोड ओपनिंग ड्यूटी पर निकले थे। वो अभी भैंसादानी थाना क्षेत्र के बड़ापारा के जंगल के पास पहुंचे थे, तभी जंगल से नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसी फायरिंग में ASI-शिशुपाल सिंह, ASI-शिवलाल और कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र कुमार सिंह शहीद हो गए हैं। शिशुपाल सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले थे। शिवलाल महेंद्रगढ़ और धर्मेंद्र सिंह रोहतास के रहने वाले थे। फायरिंग की आवाज आने पर जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। कहा जा रहा है कि मौके पर 100 से ज्यादा नक्सली मौजूद थे। फिलहाल सर्च अभियान तेज कर दिया गया है।

मप्र में निकाय चुनाव, आज दोपहर बाद साफ होगी तश्वीर

डेमेज कंट्रोल में जुटी भाजपा-कांग्रेस

भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश में आज का दिन राजनीति की नजर से अहम है। नगरीय निकाय चुनाव में चलते दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी के बाद चुनावी मैदान में उतरने वाले उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो जाएगी। भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर समेत सभी 16 नगर निगम में भाजपा-कांग्रेस के कैंडिडेट्स के साथ कई बागी भी मेयर-पार्षद के लिए मैदान में डटे हुए हैं। यही हाल नगर पालिका और नगर परिषद में पार्षदों को लेकर भी है। ऐसे में दोनों ही पार्टियां डेमेज कंट्रोल में जुटी हुई है। ताकि, अपनी ही पार्टी के बागी कैंडिडेट्स के लिए चुनौती न बने। 18 जून तक नॉमिनेशन जमा हुए थे। बीजेपी-कांग्रेस के साथ च्आपज, क्रक्क जनता दल समेत अन्य पार्टियों के कैंडिडेट्स और निर्दलियों ने भी नॉमिनेशन जमा कर दिए थे। इन निर्दलीय प्रत्याशियों में टिकट न मिलने से नाराज बीजेपी-कांग्रेस के नेता भी शामिल हैं।

जल जीवन मिशन के काम में देरी बर्दाशत नहीं , गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता :सीएम

भोपाल,यशभारत। मध्य प्रदेश के हर घर में नल से जल पहुंचाना सरकार की प्रतिबद्धता है। इस काम में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न ही गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार होगा। समय सीमा में काम पूरा कराएं। निर्माण एजेंसियों को उनकी क्षमता के अनुसार ही काम दिया जाए और इसकी नियमित निगरानी भी हो। यह निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए।उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में संचालित गतिविधियों को समय सीमा में पूरा कराने के लिए पर्याप्त तकनीकी अमला उपलब्ध कराया जाएगा। जहां जल स्रोत कमजोर हों, वहां उसे समृद्ध करने के लिए जलाभिषेक अभियान में विशेष प्रयास किए जाएं। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 51 हजार 585 ग्रामों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी है। 39 हजार 565 ग्रामों के लिए स्वीकृतियां जारी की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति और पूर्णता की संभावित तिथि की माहवार जानकारी देने के निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मलय श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। तकनीक के इस युग में काम में देरी बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। मिशन के काम समय से पूरे करें और जैसे-जैसे काम पूरे हों, उदघाटन भी होते जाएंगे। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वे मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

मां-बाप के अकाउंट से अश्लील फोटो पोस्ट कीं ; पूछा तो बोला- जासूसी हो रही

13 साल के बच्चे का पेरेंट्स पर साइबर अटैक

जयपुर,एजेंसी। राजस्थान में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जिसमें एक नाबालिग ने परिजनों का ही सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर अश्लील फोटो पोस्ट कर दीं। 13 साल के बच्चे ने ऑनलाइन गेमिंग की लत में अपने मां-बाप पर ही साइबर अटैक कर दिया। छात्र ने घर में जगह-जगह चिप लगा दीं और घरवालों से कहा कि कोई उनकी जासूसी कर रहा है। इसके बाद मां-बाप के अकाउंट से अश्लील पोस्ट करना शुरू कर दिया। इसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस से की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

जयपुर शहर के हरमाड़ा थाने में एक हफ्ते पहले एक परिवार ने सोशल मीडिया अकाउंट हैक होने की शिकायत दी थी। साइबर सेल ने परिवार के तीनों फोन जब्त किए और जांच शुरू कर दी। पता चला कि 8वीं में पढ़ने वाले उनके 13 साल के बेटे ने ही घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने बच्चे से जब इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि हैकर के कहने पर उसने यह सब किया है। हैकर बोल रहा था कि जो मैं कह रहा हूं..अगर नहीं किया तो तेरे घरवालों को जान से मार दूंगा। बच्चा लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन जब उसकी काउंसलिंग की गई तब उसने चिप और मोबाइल के बारे में पूरी जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, बच्चा चाचा के फोन पर दिनभर गेमिंग में बिजी रहता था। इस बीच उसके फोन पर एक लिंक आया। बच्चे ने उसे खोला और मांगी गई सारी डिटेल्स भर दी। मोबाइल नंबर तक और हृञ्जक्क भी शेयर कर दिए। साइबर ठगी तो नहीं हुई, लेकिन बच्चे ने चाचा के मोबाइल पर माता-पिता के सोशल मीडिया अकाउंट खोलकर अश्लील पोस्ट कर दी। पकड़े जाने के डर से दोस्तों के जरिए वॉट्सएप पर माता-पिता को धमकी भी दी। पुलिस कमिश्नरेट के साइबर एक्सपर्ट मुकेश चौधरी ने बताया कि इस तरह का केस पहली बार आया है। जांच में पता चला है कि बच्चे ने घरवालों के मोबाइल फोन हैक करने के लिए मोबाइल हैकिंग ऐप इंस्टाल किया। इसके बाद फोन पर अजीब एनिमेशन आने लगे।

शहडोल जेल अधीक्षक और अनूपपुर के प्रभारी उप अधीक्षक सहित चार निलंबित

शहडोल । अनूपपुर जेल में पैसा लेने का वीडियो वायरल होने के बाद मामला भोपाल तक पहुंच गया और संभागीय मुख्यालय के जिला जेल शहडोल अधीक्षक सहित अनूपपुर प्रभारी जेल उप अधीक्षक, मुख्य जेल प्रहरी और जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया गया है। भोपाल जेल मुख्यालय से यह कार्रवाई की गई। शहडोल जेल अधीक्षक भास्कर पांडेय, अनूपपुर प्रभारी जेल उप अधीक्षक इंद्रदेव तिवारी सहित, मुख्य प्रहरी राय सिह मरावी और प्रहरी राम कुमार शाक्य के विरुद्ध हुई इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। अतिरिक्त महा निदेशक जेल और सुधारात्मक भोपाल डा जीआर मीणा के निर्देशन पर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक मुख्य प्रहरी राय सिह मरावी एवं प्रहरी राम कुमार शाक्य का जेल में पैसा लेने का वीडियो वायरल हुआ है। वहीं जेल मुख्यालय कंट्रोलरूम को बिना सूचना दिए शहडोल जेल अधीक्षक भास्कर पांडेय व अनूपपुर प्राभारी जेल उप अधीक्षक इंद्र देव तिवारी जबलपुर व सतना जाने पर कार्यवाही की गई।अनूपपुर प्रभारी जेल उप अधीक्षक इंद्र देव तिवारी के बिना सूचना गायब रहने का फायदा उठाकर जेल कर्मचारी जेल में कैदियों के परिजनों से पैसा ले रहे थे। स्वजनों ने वीडियो बनाया और वायरल कर दिया। किसी माध्यम से यह वीडियो भोपाल मुख्यालय तक पहुंच गया।

अनूपपुर जेल में पैसा लेने का वीडियो वायरल

जबलपुर-सागर ईओडब्ल्यू टीम ने मारा टीकमगढ़ में छापा

मत्स्योध्योग सहकारी समिति का डायरेक्टर निकली करोड़पति

जबलपुर, यशभारत। आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो जबलपुर और सागर की टीम ने सुबह-सुबह टीकमगढ़ में मत्स्योध्योग सहकारी समिति डायरेक्टर के घर में दबिश देते हुए आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया। ईओडब्ल्यू की जांच में करोड़ों की संपत्ति मिली हैं। जाँच पर आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रथम दृष्टया साक्ष्य पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । **22 सालों से समिति की डायरेक्टर-** मत्स्योध्योग सहकारी समिति टीकमगढ़ की डायरेक्टर श्रीमती मीना रैकवार के निवास स्थानों पर आय से अधिक संपत्ति में मामले में तलाशी में करोड़ों की संपत्ति उजागर हुई है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ को प्राप्त शिकायत की जाँच उप निरीक्षक चंद्रजीत यादव प्रकोष्ठ इकाई सागर से कराई गई । जाँच में आए साक्ष्यों के आधार पर पाया गया कि श्री मति मीना रैकवार लगभग बाईस वर्षों से मतस्योध्योग सहकारी समिति महेंद्र सागर तालाब टीकमगढ़ की डायरेक्टर

है समिति के सदस्यों में लाभांश बराबर बाँटा जाता है इस अवधि में इन्हें तथा इनके परिजन को अधिकतम साढ़े बारह लाख रुपए की आय इससे होना पाया गया जबकि इसी अवधि में इनके द्वारा लगभग एक करोड़ पंचानवे लाख रुपए की अचल सम्पत्ति और वाहन क्रय करने में व्यय करना पाया गया । जाँच पर आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रथम दृष्टया साक्ष्य पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

कृषि भूमि-जेवर व वाहनों के दस्तावेजों की हुई जांच प्रकरण की विवेचना निरीक्षक स्वर्णजीत सिंह धामी प्रकोष्ठ इकाई जबलपुर के द्वारा की जा रही है । विवेचना के दौरान आरोपी की अचल सम्पत्ति कृषि भूमि भू खंड क्रय करने जेवर व वाहन क्रय करने बैंक लाकर बैंक बीमा आदि में निवेश सहित आरोपी द्वारा अर्जित सम्पत्ति के सम्बंध में साक्ष्य जुटाने हेतु आज प्रातः सागर और जबलपुर की संयुक्त टीम द्वारा माननीय न्यायालय से विधिवत तलाशी की अनुमति प्राप्त कर आरोपी के निवास स्थानों पर तलाशी कार्यवाही प्रारम्भ की गई । तलाशी कार्यवाही जारी है ।

इस टीम ने किया निरीक्षण- सागर व जबलपुर की संयुक्त टीम में उप पुलिस अधीक्षक एवी सिंह निरीक्षक श्रीमती उमा नवल आर्य निरीक्षक स्वर्णजीत सिंह धामी निरीक्षक श्रीमती प्रेरणा पाण्डेय निरीक्षक शशिकल मस्कूले उप निरीक्षक चंद्र जीत यादव उप उप निरीक्षक गोविंद यादव निरीक्षक कीर्ति शुक्ला उप निरीक्षक सोनल पाण्डेय उप निरीक्षक श्रीमती विशाखा तिवारी उप निरीक्षक रोशनी सोनी सहित सम्मिलित रहे ।

उर्स का आगाज
शाही संदल जुलूस

जबलपुर। हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत सैय्यद कचहरी वाले बाबा की दरगाह में मंगलवार की रात्रि में महफिले मिलाद के साथ 5 दिनी उर्स का आगाज हुआ। इस मौके पर पेश की गई नात शरीफ ने सुनने वालों को अक़ीदत से सराबोर कर दिया। जलसागाह में नाराए रिसालत या रसूलल्लाह के नारे गूंजते रहे। अंत में सलातो सलाम पेश किया गया। उर्स के दूसरे दिन आज बुधवार को दोपहर नया मुहल्ला स्थित मरहूम चाँद खां के मकान से परंपरानुसार शाही संदल जुलूस निकला। सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाज़ी एवं खादिमे आला चंगेज खान अशरफ़ी ने शाही संदल जुलूस की कयादत फरमाई। गश्त करते हुए जुलूस दरगाह पहुंचे जहां मज़ार शरीफ़ पर चादर पेश की । नज़्रो न्याज़ के उपरांत लंगर तबर्रुक तक़सीम किया जाएगा। रात्रि में दरबारी कव्वाल सूफियाना कलाम पेश करेंगे।

चिंता छोड़ो, चिंतन करो:आचार्य श्री विशुद्ध सागर

जबलपुर । संजीवनी नगर में आयोजित श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ के चौथे दिन आचार्य विशुद्ध सागर महाराज धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि चिंता, चिता के समान है। सर्व रोगों की कोई जड़ है तो वह है चिंता। इसलिए चिंता छोड़ो, चिंतन करो। आचार्य विशुद्ध सागर की उपस्थिति में बालक आदिनाथ की मुनि दीक्षा का विधान हुआ। दीक्षा वर्ग संस्कार विधान के दौरान 50 विवाहित जोड़ों ने आजीवन ब्रह्मचर्य रहने का संकल्प लिया। जैन समाज के अनिल सागर ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य पु पं. जयकुमार निशांत व ब्रह्मचारी प्रदीप पीयूष ने विविध अनुष्ठान सम्पन्न कराए। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य आदिनाथ जैन नवयुवक समिति व अमृत तीर्थ परिवार को प्राप्त हुआ। आयोजन के दौरान यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला व विधायक तरुण भनोत का सम्मान आयोजन समिति के द्वारा किया गया।

सेवा का सम्मान श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव व विश्वशांति महायज्ञ में आयोजन समिति द्वारा यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की कार्यकारिणी वैध

हाई कोर्ट के निर्णय से भटनागर पिता-पुत्र को तगड़ा झटका

जबलपुर यश भारत। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ की वर्तमान कार्यकारिणी को मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने वैध ठहराया है। हाईकोर्ट के इस निर्णय से भटनागर पिता-पुत्र को तगड़ा झटका लगा है। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा व प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि मजदूर संघ से निष्कासित अध्यक्ष डॉ आरपी भटनागर व उनके पुत्र अमित भटनागर द्वारा उनके निष्कासन व मजदूर संघ की वर्तमान कार्यकारिणी को चुनौती देने संबंधी याचिका एमपी हाई कोर्ट जबलपुर में श्रीमति सविता त्रिपाठी व एसके सिन्हा द्वारा दाखिल की थी, जो कि एमपी हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है।उन्होंने बताया कि इससे पूर्व इंडस्ट्रियल कोर्ट जबलपुर व इंडस्ट्रियल कोर्ट भोपाल ने भी इसी प्रकार की याचिकाओ पर संघ की वर्तमान कार्यकारिणी, जिसमें संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष सीएम उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा तथा उनकी पूरी टीम को वैधानिक ठहराया था। गौरतलब है कि संघ की मुख्यालय कार्यकारिणी ने तत्कालीन संघ अध्यक्ष आरपी भटनागर और उनके पुत्र कार्यकारी अध्यक्ष अमित भटनागर को संघ से मजदूर विरोधी कार्यकलापों के कारण निलंबित कर दिया था तत्पश्चात् 16 अक्टूबर 2021 को सागर में हुई सीईसी बैठक में दोनों पदाधिकारियों का संघ से पूर्व बहुमत के साथ निष्कासित कर दिया गया था।संघ के सीएम उपाध्याय, डीपी अग्रवाल, एसएन शुक्ला, राजेश पांडे, मनोज अग्रवाल, अब्दुल खालिक, अनुज तिवारी, बीएल मिश्रा, अवधेश तिवारी, जेपी मीना, आरए सिंह, दीपक केसरी, हर्ष वर्मा, रोशन सिंह यादव, एसआर बाउरी आदि ने प्रसन्नता जाहिर की है।

कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ अवस्थी सम्मानित

जबलपुर। सी एम हेल्पलाइन में अप्रैल और मई 2022 में शिकायतों के निराकरण में कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ अवस्थी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल विक्टोरिया में पदस्थ सौरभ अवस्थी को यह सम्मान उनकी बेहतर कार्यप्रणाली को लेकर दिया गया है। आप स्वर्गीय रामनारायण अवस्थी, रम्मू पत्रकार के बेटे और डिंडोरी कलेक्ट्रेट में बाबू स्वप्निल अवस्थी और पत्रकार विवेक दुबे के छोटे भाई है।

आसमान पर बादल फिर उमस हॉवी

जबलपुर यशभारत। तीन दिन की बारिश के बाद जहां मंगलवार का दिन सूखा रहा और उमस हॉवी रही वहीं बुधवार को सुबह से ही चटख धूप निकली फिर आसमान पर बादल आ गए। फिलहाल जबलपुर में मानसून का आगाज हो चुका है। सीजन में अब तक 165 मिलीमीटर यानी छह इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। वहीं गत वर्ष की बात करें तो सीजन में 82 मिलीमीटर यानी करीब तीन इंच ही बारिश रिकार्ड की गई थी। फिलहाल दम भर मानसून पर लोगों की उम्मीदे टिकी हुई है।धूप के बीच दक्षिणी पश्चिमी नम हवाओं के मेल से वातावरण में उमस भरी गर्मी महसूस की जा रही है। आर्द्रता 82 प्रतिशत के आस पास है। हालांकि मौसम विभाग ने बुधवार को जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने या बौछारें पड़ने की संभावना जताई है।मौसम के बदलते मिजाज से तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री से एक डिग्री बढ़कर 21.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हल्के बादल छाए रहेंगे। संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक साथ बौछारें पड़ने व बिजल गिरने की संभावना है। तापमान 30 से 32 डिग्री के आस-पास बना रहेगा।

स्मार्ट सिटी ने सातवीं सालगिरह पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

जबलपुर। जिला कलेक्टर एवं स्मार्ट सिटी चेयरमैन डॉ. इलैया राजा टी, निगमायुक्त एवं कार्यपालिक निदेशक स्मार्ट सिटी आशीष वशिष्ठ एवं स्मार्ट सिटी सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत के निर्देशन में स्मार्ट सिटीज की स्थापना के सातवें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष में जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक विशेष थीम ''नो योर स्मार्ट सिटी'' के तहत् जबलपुर स्मार्ट सिटी के द्वारा कॉलेज स्टूडेंट्स को जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित विभिन्न प्रोजेक्ट का भ्रमण कराया गया। स्मार्ट सिटीज की स्थापना के सातवें वर्ष के उपलक्ष में जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे हैं। द्वितीय चरण में आज स्टूडेंट्स को स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित एवं संचालित मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भी भ्रमण करवाया गया। सबसे पहले शिवनगर स्थित मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जिसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स के तर्ज पर विकसित किया गया है, उनका भ्रमण करवाया गया, इसके बाद शक्ति नगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जिसमे स्विमिंग पूल भी है, उसका भ्रमण हुआ। छात्र एवं छात्राएँ इन प्रोजेक्ट का भ्रमण करके काफी उत्साहित महसूस कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यार्थियों को जानकारी स्मार्ट सिटी अधिकारी गजेन्द्र सिंह एवं योगेश भालेराव द्वारा प्रदान की गई।

राज्य कर्मियों के भत्तों का कब होगा पुन: निर्धारण?

कर्मचारी जगत

जबलपुर। म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने राज्य कर्मियों के भत्तों का पुन: निर्धारण करने की मांग करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा राज्य के कर्मचारियों को 01 जनवरी 2016 तथा अध्यापक संवर्ग को 01 जुलाई 2018 से सातवां वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है। किन्तु राज्य शासन द्वारा उन्हें छटवें वेतनमान के अनुसार 16 वर्ष पुरानी दरों से मकान भाडा भत्ता, परिवहन भत्ता, विकलांग भत्ता, आदिवासी क्षेत्र भत्ता एवं यात्रा भत्ता दिया जा हैं। कर्मचारियों को ऐसा मानना है कि सातवें वेतनमान के अनुरूप भत्तों में बढ़ोतरी न होने सातवें वेतनमान का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रह है। शासन द्वारा राज्य कर्मचारियों के साथ सातवें वेतनमान के अनुसार भत्ते देने में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है शासन के दोहरे मापदण्ड से राज्य कर्मचारियों में भारी निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है। संघ योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अटल उपाध्याय, सुरेन्द्र जैन, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, बृजेश मिश्रा, सुनील राय, राजकुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा, सोनल दुबे, देवदत्त शुक्ला, पवन ताम्रकार, विनय नामदेव, संतोष तिवारी, महेश कोरी, श्यामनारायण तिवारी, मनोज सेन, मनीष लोहिया, मनीष शुक्ला, प्रियांशु शुक्ला, बृजेश गोस्वामी, सतीश पटैल, प्रशांत शुक्ला, मो0 तारिख, धीरेन्द्र सोनी आदि ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से मांग की है कि राज्य कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के अनुसार ही भत्ते दिये जावें।

चौरसिया समाज जबलपुर का शपथ ग्रहण

जबलपुर। चौरसिया समाज नवयुवक मंडल के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अनिकेत चौरसिया ने बताया कि चौरसिया समाज जबलपुर का विगत दिवस संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह का शास्त्री ब्रिज स्थित नरसिंह मंदिर में आयोजित किया गया, जिसमें समारोह अध्यक्ष गौरव चौरसिया अ. भा. आदर्श चौरसिया महासभा दिल्ली, म. प्र. के प्रांताध्यक एवं वरिष्ठजनों द्वारा पूजन अर्चन से किया गया। तत्पश्चात स्वागत श्रृंखला में नवयुवक मंडल अध्यक्ष राहुल चौरसिया द्वारा समारोह अध्यक्ष का स्वागत पुष्पहार से किया। मंचासीन वरिष्ठजनों आर. ए. राम जी, मधुसूदन मोदी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चौरसिया , इंजी. सी. के. मोदी, जगदीश चौरसिया, राजू चौरसिया विश्व , डॉ. गिरीश चौरसिया आदि ने समाज अध्यक्ष, महिला मंडल अध्यक्ष एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष जबलपुर का स्वागत समाजजनों द्वारा पुष्पहार से किया गया।समारोह अध्यक्ष गौरव चौरसिया के द्वारा आगामी दो वर्षो के लिए मनोनीत किये गए समाज अध्यक्ष योगेश चौरसिया, कामना मोदी अध्यक्ष महिला मंडल एवं राहुल चौरसिया अध्यक्ष नवयुवक मंडल को मनोनयन पत्र प्रदान किया। समारोह अध्यक्ष ने कहा कि समाज एकता,परस्पर सहयोग,सद्भाव के साथ ही चौरसिया समाज के संत ऋषि की फोटो रखकर पूजन अर्चन किसी भी कार्यक्रम प्रारंभ करने की अपील की। चौरसिया समाज,जबलपुर पंजीकृत का आजीवन सदस्यता अभियान भी समारोह के साथ साथ करने से सभागार में उपस्थित लगभग 30 समाज जनों ने निर्धारित शुल्क देकर सदस्यता ग्रहण की उन्हें तुरंत रसीद भी प्रदाय की गई। आग्रह भी किया कि ज्यादा से ज्यादा समाज जन सदस्य बनें।इसका लाभ उन्हें आगामी समय में देखने को मिलेगा।

समाज के तीनों संयुक्त मंडल के पदाधिकारियों,कार्यकारिणी सदस्यों को समाज अध्यक्ष,महिला मंडल अध्यक्ष,नवयुवक मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनों द्वारा मनोनयन पत्र प्रदान किए गए।साथ ही आगामी चौरसिया दिवस प्रतिभा सम्मान समारोह हेतु संयोजक पद पर सर्वसम्मति राजेश चौरसिया का नाम घोषित किया गया। मनोनयन पत्र प्रदान करने के बाद सभी को वरिष्ठ संरक्षक मधुसूदन मोदी द्वारा शपथ दिलाई गई। संचालन योगेश चौरसिया द्वारा किया गया,आभार कार्यकारी अध्यक्ष अखिल चौरसिया द्वारा व्यक्त किया गया।

अनिकेत चौरसिया समाज नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष

जबलपुर। चौरसिया समाज जबलपुर के अध्यक्ष योगेश चौरसिया की सहमति से नवयुवक मंडल के अध्यक्ष राहुल चौरसिया ने अनिकेत चौरसिया को चौरसिया नवयुवक मंडल,जबलपुर के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। अनिकेत चौरसिया इसके पूर्व में भी चौरसिया समाज नवयुवक मंडल के मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता थे और उनकी सक्रियता और कार्य के प्रति समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें उपाध्यक्ष पद का यह दायित्व दिया गया है। चौरसिया समाज नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष बनने पर समाज के सभी वरिष्ठ जन, युवाओं ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पंचायत और नगर निगम चुनाव के लिए घर घर जनसंपर्क

जबलपुर,यशभारत। पंचायत और नगर निगम चुनाव को लेकर एक तरफ जहां राजनीतिक दलों के प्रत्याशी घर घर जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और प्रशासन भी शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर मुस्तैद है ताकि चुनाव की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके । जिला कलेक्टर एवं पुलिस के आला अधिकारी भी एक्टिव हैं । जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी अपने अपने स्तर पर चुनाव ड्यूटी में लगी अधिकारियों की क्लास की क्लास लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आगे की प्रक्रिया पर भी मंथन करने में जुट गए हैं । जिला कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर इलैयाराजा स्वयं चुनावी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं नगरी निकाय चुनाव के साथ ही पंचायत चुनाव को लेकर भी प्रशासनिक तैयारियां जारी है और उन्हें अंतिम रूप देने का कार्य भी जोर शोर से चल रहा है । चुनाव ड्यूटी में तैनात किए गए कर्मचारियों को प्रशिक्षण का कार्य जारी है इधर दूसरी तरफ चुनावों को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है । इसी सिलसिले में गत दिवस एडीजी उमेश जो गाने संभाग के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर शांति से चुनाव निपटाने के लिए अपराधियों पर शिकंजा कसने के निर्देश जारी किए हैं उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसने में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए । इसके अलावा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने भी चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर ऐसे सभी असामाजिक तत्व को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने की बात कही असामाजिक तत्व चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना कर सकें । श्री बहुगुणा ने असामाजिक एव निगरानी सुधा बदमाशों तथा गुंडों के विरुद्ध उनके अपराधिक रिकॉर्ड के आधार पर कड़ी कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए। प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस भाजपा के साथ ही बसपा सपा शिवसेना आम आदमी पार्टी के अलावा बागी उम्मीदवार भी सक्रिय हो गए हैं । आज नाम वापसी के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि किस वार्ड में कितने उम्मीदवार शेष बचते हैं और मुख्य मुकाबला किन प्रत्याशियों के बीच होता है हालांकि एक बात तो तय है की लगभग सभी वर्गों में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों को बागी और निर्दलीय प्रत्याशी का न केवल सामना करना पड़ेगा बल्कि कहीं-कहीं यह प्रत्याशी समीकरण बदलने में भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं हालांकि प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी अपनी पार्टी के लिए हमारी भी घोषित कर दिए हैं जो ना केवल पार्षद प्रत्याशियों को से लेकर महापौर तक के चुनाव को लेकर हर संभव कोशिश करेंगे कि उनकी पार्टी के ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी जीते हैं साथ ही महापौर का पद भी उनकी झोली में आ सके।

प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर

पोलिंग बूथों पर प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध हो-मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने पोलिंग बूथों पर प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के दौरान सभी पोलिंग बूथों पर सर्वोपयोगी प्राथमिक उपचार की व्यवस्था होना चाहिए। क्योंकि कोरोना जैसी महामारी से अभी पूर्णत: निजात नहीं मिली है वहीं अन्य विषाणुजनित बीमारियां जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, टाइफाइड, मलेरिया बरसात के इस मौसम में अपने पैर पसार रहे हैं अत: निर्वाचन में लगे लोकसेवकों को इन बीमारियों से होने वाली हानियों से बचाने हेतु इनके रोकथाम के उचित उपाय किया जाना अनिवार्य है। संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, दिलीप सिंह ठाकुर, हेमन्त ठाकरे, गोपीषाह, उमेष सिंह ठाकुर, गुडविन चार्ल्स, सुनील झारिया, रॉबर्ट फ्रांसिस, धनराज पिल्ले, एनोस विक्टर, राजकुमार यादव, सतीष दुबे, आदि ने निर्वाचन अधिकारियों एवं शासन-प्रषासन से मांग की है कि पोलिंग बूथों पर चिकित्सा सुविधा की पुख्ता व्यवस्था हो।

योग प्रतिभागियों को किया जायेगा पुरस्कृत

जनेकृविवि के 21 दिवसीय योग शिविर का आज होगा समापन

जबलपुर। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन की सद्प्रेरणा व मार्गदर्शन में 21 दिवसीय वृहद योग शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के आंचलिक खेल परिसर जवाहर कीडागन में किया गया है। योग शिविर का समापन मंगलवार 21 जून को विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन के मुख्यआतिथ्य में बड़े ही गरिमामय माहौल में किया जाएगा। विश्व योग दिवस के अवसर पर मंगलवार को सुबह 6.30 से सुबह 8 बजे तक राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त योगाचार्य पद्माकर तलवारे (स्वामी गणेश गिरी) सत्यानंद योग केन्द्र जबलपुर द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगा। साथ ही समापन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी जायेगी। इस संबंध में आयोजनकर्ता, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि, करें योग रहें निरोग की श्रृंखला में प्रतिदिन जानेमाने और ख्याति प्राप्त योगचार्यो द्वारा योग की विभिन्न कियाएं कराई गई। जिसमें बढ़चढ़कर लोगों ने भाग लिया और योग के माध्यम से अपने आपको तरोताजा बनाए रखने एवं विभिन्न बीमारियों से निजात पाने का प्रयास किया। 21 दिवसीय योग में प्रशिक्षक नंदप्रकाश द्वारा लगातार योगाभ्यास कराया गया है। जबकि दिनांक 19 जून 2022 को योग आसन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। इस प्रतियोगिता में योग से जुड़े विभिन्न आसन सुप्त वज्रासन, मत्स्यासन, धनुरासन, गरुड़ासन, नटरासन, चक्रासन, मयूरासन, एकपाद सिरासन, अर्धमत्सेन्द्रासन, सिरशा अंगुष्ठासन आदि कराये गये एवं प्रतियोगिता में विजेता प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विश्व योग दिवस 21 जून 2022 के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन द्वारा पुरुष्कृत किया जायेगा है। योग शिविर को सफल बनाने में नंद प्रकाश, योग प्रशिक्षक, डॉ. आशीष निगम, डॉ. धर्मेन्द्र नरवरिया खेल अधिकारी का महत्वपूर्ण योगदान है। योग शिविर के अंतिम दिन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, प्राध्यापकगण, अधिकारी-कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

जिम से लौट रही महिला डॉक्टर का रिक्शा पलटा

जबलपुर, यशभारत। बुधवार की सुबह नेपियर टाऊन उस वक्त हंगामा बरपा गया जब एक महिला डॉक्टर का रिक्शा खराब की सड़क से पलट गया। हालांकि महिला डॉक्टर को चोट नहीं आई। डॉक्टर जिम से ई रिक्शा से घर लौट रही थी तभी नेपियर टाऊन के पास स्मार्ट सिटी का सड़क का काम चल रहा है। एक गड्ढे में रिक्शा का टायर समा गया जिसकी वजह से रिक्शा पलट गया। घटना के बाद महिला डॉक्टर ने स्मार्ट सिटी के कामों पर नाराजगी दिखाई और कलेक्टर और सीएम से शिकायत करने की बात कही।

जमकर नाराज हुई, स्मार्ट सिटी के कामों को कोसा

जबलपुर शहर में जगह-जगह गड्ढे नगर निगम ने खोदकर रखे हुए हैं। खास बात तो यह है कि सड़कों पर गड्ढे खोदने के बाद नगर निगम लापरवाही बरतते हुए इन गड्ढों को खुला छोड़ देते है। जबलपुर शहर के नेपियर टाउन में नगर निगम गड्ढा खोदने के बाद पानी निकाल कर सड़क पर बह रहा था। उसी दौरान एक इलेक्ट्रिक ऑटो में बैठकर महिला वहां से गुजरती है जैसे ही ऑटो का चक्का गड्ढे में जाता है तो वह असंतुलित होकर पलट जाता है और महिला भी गिर जाती है,हालांकि मौके पर मौजूद कुछ लोग तुरंत ही महिला को सकुशल ऑटो से बाहर निकाल लेते हैं।खराब सड़कों का शिकार बनी महिला डॉ. जिज्ञासा ढींगरा ने बताया कि जबलपुर शहर में नगर निगम सड़कों पर गड्ढा खोदकर उसे भूल जाते हैं, जिसका शिकार आज वह हुई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम गड्ढे कर छोड़ देता है।उसमे फिर जब बारिश का पानी भर जाता है तो वही गड्ढा जानलेवा साबित होता है। डॉक्टर जिज्ञासा ढींगरा ने आज अपने साथ हुई घटना की शिकायत सी.एम हेल्पलाइन और कलेक्टर से करने की बात भी कही है।

पंचायत चुनाव-2022

मतदान केंद्रों पर एवं पेट्रोलिंग मोबाइलों में 2800 का बल रहेगा तैनात

60 पेट्रोलिंग पार्टियां लगाई गई

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2022 के चलते पुलिस मुस्तैद है। प्रथम चरण में बरगी, पनागर, सिहोरा एवं कुण्डम के 780 मतदान केन्द्रों पर एवं पेट्रोलिंग मोबाइलों में 2800 का पुलिस बल तैनात रहेगा। जिसमें 185 मतदान केन्द्र क्रिटिकल के दायरे में है। जिन्हें देखते हुए इन केन्द्रों पर पुलिस का विशेष बल गश्त देगा। जानकारी अनुसार प्रथम चरण में 25 जून 2022 को जनपद पंचायत बरगी, पनागर, सिहोरा एवं कुण्डम में मतदान एवं मतगणना सम्पन्न होगी। प्रथम चरण के जनपद पंचायत चुनाव में कुल 780 मतदान केन्द्रों पर मतदान होना है। जिसमें 185 मतदान केन्द क्रिटिकल तथा 595 मतदान केन्द्र सामान्य श्रेंणी के हैं। क्रिटिकल मतदान केन्द्र में 2 वर्दीधारी -1 प्र.आर./ 1 आरक्षक, 1 होमगार्ड एवं 1 विशेष पुलिस अधिकारी तथा सामान्य मतदान केन्द्र में 1 वर्दीधारी-1 प्र.आर/1 आरक्षक/ 1 होमगार्ड सैनिक एवं 1 विशेष पुलिस अधिकारी तैनात किया गया है।

10 से 15 मिनिट में पुलिस पार्टियां करेंगी गश्त

सभी मतदान केन्द्रों की लगातार पेट्रोलिंग हेतु राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की 23 मोबाईल के अतिरिक्त प्रथम चरण में कुल 60 पेट्रोलिंग पार्टियां लगाई गई हैं जो 10 से 15 मिनट के अंतराल में मतदान केंद्रों पर पहुंचेगी। पेट्रोलिंग मोबाइलों में 1 उपनिरीक्षक/ सहायक उपनिरीक्षक, 2 प्रधान आरक्षक/ आरक्षक, 2 विशेष पुलिस अधिकारी लगाए गए हैं इसके अतिरिक्त प्रत्येक थाने में रिजर्व बल की पृथक व्यवस्था की गई है। जबलपुर जिले में कुल 7 जनपद पंचायत है। जिनमें से 4 बरगी, पनागर, सिहोरा एवं कुण्डम में प्रथम चरण का मतदान होना है। मतदान केंद्रों पर एवं पेट्रोलिंग मोबाइलों में लगभग 2800 का बल तैनात किया गया है जिसमें जिला पुलिस बल एवं होमगार्ड तथा विशेष पुलिस अधिकारी शामिल है।

दहेज के दंश ने हंसते खेलते परिवार को किया तबाह

बाइक और 5 लाख के लालच में पत्नी को बच्ची समेत घर से निकाला

जबलपुर, यशभारत। तिलवारा में दहेज प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां हंसती-खेलती जिंदगी में विष घोलते हुए नवविवाहिता को उसकी दुधमुही बच्ची के साथ पति और सास-ससुर ने धक्के मारकर निकाल दिया और दहेज में बाइक और पांच लाख रुपये नगद लाने की डिमांड कर रहे है। रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच मे लिया है। जानकारी अनुसार श्रीमती आरती नामदेव 28 वर्ष निवासी शाहनाला त्रिपुरी वार्ड वर्तमान ने बताया कि वह वर्तमान में छोटी ओमती थाना बेलबाग की निवासी है। उसकी शादी 2020 को गोपाल नामदेव निवासी तिलवारा शाहनाला के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी। शादी के लगभग 2 माह बाद पति गोपाल, सास अनुसुईया बाई, ससुर ओमप्रकाश मायके से दहेज लाने दबाव डालने लगे एवं छोटी छोटी बातों पर मानसिक रूप से परेशान करने लगे।

बच्चे की नहीं ली कोई खबर

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों बाद वह गर्भवती हो गयी। जिसके बाद उसने सोचा कि बच्चा होने के बाद सब ठीक हो जायेगा, लेकिन पति सास ससुर की आदतों में कोई सुधार नही हुआ, दहेज में बाइक और 5 लाख रूपये लाने के लिये लगातार प्रताड़ित करने लगे। उसकी डिलेवरी का समय नजदीक आने लगा तो ससुराल वालों ने उसे 21 को मायके भेज दिया था। जिहां एल्गिन अस्पताल में डिलेवरी हो गयी थी। जिसके 5 दिन बाद उसकी सास अनुसुईया उसे लेने मायके आई और उसे एवं उसके बच्चे को लेकर शाहनाला ले आई लेकिन ससुराल वालों की आदतों में कोई सुधार नहीं हुआ है और बाइक एवं रूपये मायके से दहेज में लाने के लिये कहने लगे, सास ससुर एवं पति ने उसे बच्चे के साथ घर से निकाल दिया तब से अपने मायके में रह रही है। ससुराल वालों द्वारा उसकी एवं उसके बच्चे की कोई खबर नहीं ली गयी।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आयुध जिला धर्म ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करेगा

जबलपुर, (यशभारत)। आयुध जिले की बैठक संपन्न हुई बैठक में संगठनात्मक चर्चा के साथ धर्म ज्ञान का व्याख्यान प्रचार-प्रसार हो आम जनमानस तक धर्म बातों का ज्ञान संग्रह हो इस हेतु *धर्म ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयुध जिला द्वारा 30 जून को धर्म ज्ञान प्रतियोगिता कराई जाएगी जिसमें विजेता प्रथम, द्वितीय ,तृतीय, को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले एवं प्रखंड के समस्त पदाधिकारी एवं आम जनमानस 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे शामिल होंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री विजय यादव सचिन कनौजिया अविनाश महावर विक्रम ठाकुर अनिल राजपूत श्रीराम तिवारी राहुल गुप्ता जितेंद्र चौधरी राकेश रजक सतीश केवट उपस्थित थे

5 लाख 60 हजार की धोखाधड़ी

प्लाट का सौदा कर किसी और को बेचा, डकार गए लाखों रुपए, एफआईआर दर्ज

जबलपुर, यशभारत। संजीवनी नगर में भू माफियाओं ने प्लाट का अनुबंध कर किसी को प्लाट बेंच दिया और पीड़ितों की 5 लाख 60 हजार की रकम डकार गए। जब पीड़ितों ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी साफ मुकर गए। जिसके बाद थाने में शिकायत दी गई। पुलिस ने जांचोपरांत मामला कायम कर दोनों ओरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार सुरेन्द्र विश्वकर्मा पिता स्व हरीशचंद्र विश्वकर्मा 62 साल निवासी आनन्दकुंज के पास थाना गढ़ा एवं अक्षय कुमार विश्वकर्मा पिता सुरेन्द्र विश्वकर्मा फूलबाड़ी आनंद कुंज ने आरोपी पासर दुबे एव कामता प्रसाद कोष्ठी के खिलाफ शिकायत करते हुए बताया कि सुरेन्द्र और अक्षय ने मिलकर पारस दुबे एवं कामता कोष्ठी से जमीन मौजा कछपुरा 162 प.ह.गे. 28/33 पुराना एवं नया 7, रा.नि.म. जबलपुर -1 में स्थित खसरा नंबर, 205/2 का रकवा 20, 40800 वर्गपुट का प्लाट खरीटने के लिये कुल 5,60,000. (पाँच लाख साठ हजार रूपये) में सौदा तय किया था। आवेटक द्वारा उक्त भू मौके पर न होने सहित वह भूमि कामता प्रसाद कोष्ठी की थी। जिसे कामता ने पहले ही बेंच दी थी। प्रार्थी सुरेन्द विश्वकर्मा एवं अक्षय कुमार विश्वकर्मा के कथन लेख किये गये जिसके कथनों में पाया गया कि आरोपियों ने धोखाधड़ी की है। जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर कर जांच में लिया है।

पहली बार जिले को मिली ए रेटिंग

जबलपुर, (यशभारत)। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में जबलपुर जिले ने बड़ी छलांग लगाई है। पिछले चार माह से लगातार टॉप तीन जिलों में शामिल हो रहे जबलपुर जिले ने मई माह की ग्रेडिंग में सिवनी जिले के साथ प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा सीएम हेल्प लाइन शिकायतों के निराकरण को लेकर रैंकिंग जारी की गई। मई माह की ग्रेडिंग में जबलपुर को कुल 81.11 वेटेज स्कोर प्राप्त हुआ है। अस्सी से अधिक वेटेज स्कोर हासिल करने पर पहली बार जबलपुर को ए रेटिंग भी हासिल हुई है। इसके पहले माह अप्रैल में जबलपुर जिले का वेटेज स्कोर 79.51 था। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में मिली इस उपलब्धि पर सभी विभागों के जिला अधिकारियों को बधाई दी है।

जिला पावर लिफ्टिंग स्पर्धा 28 से, खिलाड़ियों का वजन 26 जून को

जबलपुर, (यशभारत)। 28 एवं 29 जून को जिला पावर लिफ्टिंग संघ द्वारा गोल बाजार स्थित दत्त मंदिर नेशनल अस्पताल के पास आयोजित होने वाली दो दिवसीय जिला इक्विप्ड पुरुष महिला पावर लिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों का वजन माप रविवार 26 जून 22 को सिविक सेंटर स्थित नायडू व्यामशाला में शाम 4:00 बजे से 8:00 के बीच लिया जाएगा।

हर डाटा होगा तैयार, ताकि योजना बनाने में मिले मदद

जबलपुर, (यशभारत)। राष्ट्रीय सांख्यिकीय विभाग द्वारा एक जुलाई 2022 से 30 जून 2023 तक सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का 79वां दौर शुरू किया जा रहा है। इस अवसर पर जबलपुर में राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय का तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों ने भाग लिया। इसका समापन 22 जून को होगा। कार्यक्रम में बताया गया कि यह सर्वेक्षण देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। इसमें राष्ट्रीय सांख्यिकीय विभाग के लक्ष्य का हासिल करने और डेटा की कमी को दूर करने माड्यूलर सर्वेक्षण और आयुष प्रणाली का प्रयोग कर सर्वेक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर लखनऊ से आए केंद्रीय पर्यवेक्षक डा. प्रवीण शुक्ला, उप महानिदेशक और रोशन लाल साहू उपमहानिदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख व केएस मरकाम, सहायक निदेशक द्वारा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर में जबलपुर के अलावा रीवा, सागर से आए अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लिया। केएस मरकाम ने सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण के 79वें दौर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को एक मजबूत डेटाबेस बनाने के लिए सर्वेक्षण करने कहा गया है। डेटाबेस केंद्र और राज्य सरकारों को उनकी नीति बनाने के लिए सटीक और महत्वपूर्ण जानकारी रखने में मदद करेगा।

एक साल में यह डाटा होगा तैयार-

उप महानिदेशक ने बताया कि विकास के लक्ष्यों से संबंधित विभिन्न प्रकार के संकेतकों जैसे मोबाईल फोन का प्रयोग, कम्प्यूटर का प्रयोग, व्यक्तिगत रूप से प्रयोग किया गया इंटरनेट, किसी वित्तीय संस्था में खाता होना, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता के लिए अपनाए जाने वाले उपायों जैसे हाथ धोने के लिए साबुन एवं पानी की उपलब्धता, एक किमी के दायरे में लोक परिवहन की पहुंच और पिछले एक वर्ष में औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण में प्रतिभागिता लिंगानुपात अनुसार, आवश्यक डेटा संग्रहण का कार्य किया जाएगा।

दो पक्षों में खूनी संघर्ष

एक-दूसरे को मारे चाकू, जमकर भांजे लट्ठ

जबलपुर, यशभारत। लार्डगंज के अन्ना मोहल्ला में देर रात दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। जिसमें दोनों ने ही एक दूसरे पर चमकर चाकू घोंपा और लट्ठ भांजकर घायल कर दिया। घटना में दो लोग जख्मी हो गये है। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कृपाल चौधरी पिता मुसलैया चौधरी 50 वर्ष अन्ना मोहल्ला लार्डगंज ने बताया कि तीन दिन पहले भी झगड़ा हुआ था। लेकिन फिर समझौता हो गया था। उसी बात पर पुरानी रंजिश को लेकर इस्माईल चौधरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चाकू से वार कर दिए और मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। तो वहीं दूसरे पक्ष से इस्माईल चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई नागेश चौधरी पिता अकैया कोरी ने उसके घर में घुसकर जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामले दर्ज कर, जांच में लिया है।

बाइक सवार को रोककर चाकुओं से गोदा

3 नकाबपोश बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, पीड़ित अस्पताल में भर्ती

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर के आदर्श नगर पटैल मोहल्ला में देर रात एक बाइक सवार को बीच रास्ते रोककर तीन नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर युवक को बुरी तरह जख्मी कर दिया और मौके से फरार हो गए। बाइक सवार युवक वहीं करीब आधा घंटे तक तड़फता रहा। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े और युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वही, पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अमित कुछवाहा पिता राधेश्याम कुछवाहा उम्र 38 साल रामपुर यादव मोहल्ला का निवासी है। देर रात जब वह बाइक से घर जा रहा था तभी बाइक से अज्ञात तीन युवकों ने उसे रोक लिया। जब उसने कारण पूछा तो गालीगलौच कर चाकुओं से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज चेक कर आरोपियों का सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

जिला पंचायत सीईओ ने किया सिहोरा में अमृत सरोवरों का किया निरीक्षण

जबलपुर, (यशभारत)। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सलोनी सिडाना ने आज जनपद पंचायत सिहोरा की ग्राम पंचायत मढ़ा बंजर के ग्राम बंदर कोला एव ग्राम पंचायत खिरहनी खुर्द में निर्मित अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण किया। अमृत सरोवरों से बंदर कोला में 15 हेक्टेयर एवं खिरहनी खुर्द में 20 हेक्टेयर सिंचाई होगी जिनके उपयोगकर्ता किसानों से डॉ सिडाना ने चर्चा की। जिला पंचायत की सीईओ ने सलवारा एवं भंडारा में अमृत सरोवर तालाब के निर्माण के लिये चयनित स्थल का निरीक्षण भी किया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पुष्कर सरोवर योजना अंतर्गत पूर्व से निर्मित तालाब का निरीक्षण ग्राम पंचायत मडा बंजर में किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बाद में जनपद पंचायत सिहोरा के उप स्वास्थ्य केंद्र व आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का सही जांच ना होने के कारण नाराजगी व्यक्त की। भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा एवं सहायक यंत्री मौके पर उपस्थित रहे।

अग्निपथ को लेकर राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने भाजपा पर कसा तंज : बिना सोच विचार के निर्णय

जबलपुर, यशभारत। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने अग्निपथ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना का प्रारुप ही गलत है। भाजपा आखिर बिना सोचे-समझे इतने बड़े निर्णय लेती ही क्यों है कि जो बाद में वापस लेना पड़े।

जबलपुर पहुंचे श्री तंखा ने कहा कि हम देखते है कि जब कृषि कानून आया था तब भी जिम्मेदार कह रहे थे कि किसी कीमत में यह बिल वापस नहीं लिया जाएगा। लेकिन आखिर में हुआ क्या, वापस लेना ही पड़ा। जिसको लेकर भी रोज बयान आ रहे है, कि अब पचास प्रतिशत तक सुविधा दी जाएगी।

आपके मन से देश नहीं चल सकता

सांसद श्री तन्खा ने अग्निपथ योजना को लेकर कहा कि आखिर यह देश भाजपा के मन से नहीं चल सकता है। यह संवदेनशील मुद्दा है और देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। आप एकतरफा फैसला नहीं ले सकते है। इसको लेकर संसद में डीबेट क्यों नहीं की गई। देश का एक संवाद होता है। लेकिन भाजपा ने सीधे फैसला ले लिया। यह योजना देश हित में नहीं है।

पिंटू भैया के समर्थन में दुर्गा मंदिर से जनसंपर्क

जबलपुर, (यभाप्र)। भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 25 भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भाई अजय पटेल (पिंटू भैया) के समर्थन में आज दुर्गा मंदिर से जनसंपर्क प्रारंभ किया गया जिसमें वार्ड के वरिष्ठ नेता जय प्रकाश साहू श्रीमती विमला केसरवानी जागृति शुक्ला जितेंद्र यादव सौरव यादव शिवराज सिंह आशीष चौरसिया प्रतीक केसरवानी राजीव विश्वकर्मा श्रीनाथ यादव प्रदीप यादव जी गणेश मिश्रा आनंद मिश्रा राजकुमार केसरवानी साहिल समुंद्री शुभम रजक राजेश तिवारी बंटी विश्वकर्मा सुशील महाराज सुनील जैन रिंकू जैन महेश अग्रवाल सोनू दुबे अंशुल विश्वकर्मा श्रीमती कल्पना समुंद्रे देशराज सिंह ठाकुर राहुल जैन सोनू अग्रवाल मुकेश शुक्ला पप्पी साहू आशीष मिश्रा एवं वार्ड के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पर्स गुमा

ID Card of HDFC Bank. which was registered onmy home Mr.Mohit Bari with ID No is 220405718300390. This ID card last Somewhere on 15/06/2022. at Gurandi Road. The information had already given to the Police Station,with the ID details.This is my humble request to all if any one find this ID card please inform to following numbers.
Mo.-8817314535
Afford Motors (I) Pvt.Jabalpur (M.P.)

यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं

अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
9009985689, 9131406684
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

संपादकीय

योग को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा

भारत जैसे मुल्क में योग गरीब लोगों के लिये रामबाण औषधि है। एक तो महंगा उपचार आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है,वहीं इस उपचार के तमाम साइड इफेक्ट भी होते हैं। जबकि रोग के उपचार से बेहतर है कि उससे बचाव किया जाये। यह तभी संभव है जब योग व प्राकृतिक जीवन हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनेगा। जिसके लिये जरूरी है कि हम हर रोज योग दिवस मनायें।ऐसा नहीं है कि साल में एक दिन उत्सव मना लेने से योग के लक्ष्य पूरे हो जाते हैं। जीवन का हर क्षेत्र अनुशासन व संयम की मांग करता है। कह सकते हैं कि भोग-विलास के जीवन में योग एक स्पीड ब्रेकर का काम करता है। जब हम सहजता का व्यवहार करते हैं, गतिशील रहते हैं, हमारा सोना-जागना नियमित होता है तब ही हम सही मायनों में योग के वास्तविक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। नये शोध व अनुसंधान इस बात की पुष्टि कर रहे हैं कि योगमय जीवन से न केवल शारीरिक व मानसिक बल्कि आध्यात्मिक लक्ष्य हासिल किये जाते हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि ऋषि-मुनियों ने पर्वतों की कंदराओं में सदियों के अनुभव से जो ज्ञान हासिल किया, उसका लाभ 21वीं सदी में पूरी दुनिया उठा रही है। भारत सरकार के प्रयासों के बाद जब संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा ने योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की तो मतदान में 177 देशों ने इसका समर्थन किया। यह योग की वैश्विक स्वीकार्यता है। कल हमने उल्लास व नई ऊर्जा के साथ आठवां विश्व योग दिवस मनाया। लेकिन योग हमारी जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए। अमेरिका व ब्रिटेन में आधुनिक शोध बता रहे हैं कि समय से सोने वाले और सुबह जल्दी उठने वाले स्वस्थ रहते हैं। लेकिन यही बात जब घर के लोग कहते हैं नई पीढ़ी के बच्चे स्वीकार नहीं करते। कहते हैं कि हमारी पाचन शक्ति को ऊर्जा देने वाली जठराग्नि सूर्य की ऊर्जा के साथ चलती है। यही वजह है कि योग में रात्रि में अल्प आहार की सलाह दी जाती है। प्राकृतिक चिकित्सा भी कम खाने पर बल देती है। कहा जाता है कि शरीर में पंचमहाभूतों में आकाश तत्व का भी स्थान होना चाहिए। सही मायनों में योगमय जीवन तब सार्थक होता है जब प्रकृति से सामंजस्य बनाकर चलते हैं, इससे उतने ही अधिक स्वस्थ रहते हैं। सूर्य की धूप, सुबह की ताजी हवा तथा शारीरिक सक्रियता दिन भर हमें तरोताजा रखती है। दरअसल, सेहत के सूत्र में मानवीय व्यवहार का बड़ा महत्व होता है। महज आसन कर लेने से हम योग के लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकते। इसके लिये जरूरी है कि हमारे आचार-व्यवहार, खान-पान में सात्विकता होनी चाहिए। भोजन का तीखापन व निरामिष भोजन हमारे व्यवहार में तल्खी लाता है जिसको हम खाने के संयम और सांसों पर नियंत्रण से टाल सकते हैं। कुछ वर्षों पूर्व अमेरिका के एक विज्ञानी को इस बात के लिए नोबेल पुरस्कार मिला कि उन्होंने पता लगाया कि शरीर में अधिक ऑक्सीजन से कैंसर से प्रभावित कोशिकाओं पर काबू पाया जा सकता है। प्राणायाम यानी प्राणों के आयाम से हम यही करते हैं कि अपनी सांस लेने की क्षमता को बढ़ाते हैं। सामान्य तौर पर हमारे बैठने के तौर-तरीके व जीवन व्यवहार में सांस लेने की गुणवत्ता कम हो जाती है। शरीर में यदि ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है तो कई प्रकार के विकार दूर होते हैं। खासकर मनोकायिक रोगों में प्राणायामों की बड़ी भूमिका सामने आई है। खासकर कोरोना संकट में योग व प्राणायाम की बड़ी भूमिका रही है। अब यहां तक कि पीजीआईएमआर चंडीगढ़ व एम्स दिल्ली में भी योग पर शोध व अनुसंधान के केंद्र स्थापित हुए हैं। मध्य प्रदेश में तो योग आयोग बनाया जा रहा है जिसकी घोषणा स्वंम मुख्यमंत्री ने भोपाल में ही। आधुनिक जीवन शैली के तनाव व अवसाद से योग ही बचा सकता है। । इससे ही हम सौ वर्ष जीने के आशीर्वाद को फलीभूत कर सकते हैं। जरूरत इस बात की भी है कि हमारा भोजन व जीवन व्यवहार संतुलित व प्रकृति के व्यवहार के अनुरूप हो।

राज्य के विकास को लील जाती है बाढ़

बीस दिन में दूसरी बार असम बाढ़ से बेहाल हो गया। इस समय राज्य के 32 जिलों के 5424 गांव पूरी तरह पानी में डूबे हैं और कोई 47.72 लाख लोग इससे सीधे प्रभावित हुए हैं। मौत का आंकड़ा 80 को पार कर गया है। अभी तक एक लाख हेक्टेयर खेती की जमीन के नष्ट होने की बात सरकार मानती है। इस बार सबसे ज्यादा नुकसान पहाड़ी जिले डिमा हासो को हुआ जहां बहुत भारी सरकारी व निजी नुकसान का आकलन है। यहां रेल पटरियां बह गई व पहाड़ गिरने से सड़कों का नामोनिशान मिट गया। अगस्त तक राज्य में यहां-वहां पानी ऐसे ही विकास के नाम पर रची गई संरचनाओं को उजाड़ता रहेगा। हर साल राज्य के विकास में जो धन व्यय होता है, उससे ज्यादा नुकसान दो महीने में ब्रह्मपुत्र और उसकी सखी-सहेलियों का कोप कर जाता है।

असम पूरी तरह से नदी घाटी पर ही बसा हुआ है। इसके कुल क्षेत्रफल 78 हजार 438 वर्ग किमी में से 56 हजार 194 वर्ग किमी ब्रह्मपुत्र नदी की घाटी में है। और बकाया 22 हजार 244 वर्ग किमी का हिस्सा बराक नदी की घाटी में है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के मुताबिक, असम का कुल 31 हजार 500 वर्ग किमी का हिस्सा बाढ़ प्रभावित है। यानी, असम के क्षेत्रफल का करीब 40 फीसदी हिस्सा बाढ़ प्रभावित है। जबकि, देशभर का 10.2 प्रतिशत हिस्सा बाढ़ प्रभावित है। अनुमान है कि इसमें सालाना कोई 200 करोड़ का नुकसान होता है जिसमें मकान, सड़क, मवेशी, खेत, पुल, स्कूल, बिजली, संचार आदि शामिल हैं। राज्य में इतनी मूलभूत सुविधाएं खड़ा करने में दस साल लगते हैं, जबकि हर साल औसतन इतना नुकसान हो ही जाता है। यानी असम हर साल विकास की राह पर 19 साल पिछड़ता जाता है।

असम में प्राकृतिक संसाधन, मानव संसाधन और बेहतरीन भौगोलिक परिस्थितियां होने के बावजूद यहां का समुचित विकास न होने का कारण हर साल पांच महीने ब्रह्मपुत्र का रौद्र रूप होता है जो पलक झपकते ही सरकार व समाज की सालभर की मेहनत को चाट जाता है। वैसे तो यह नदी सदियों से बह रही है। लेकिन पिछले कुछ सालों से जिस तरह सें ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों में बाढ़ आ रही है, वह हिमालय के ग्लेशियर क्षेत्र में मानवजन्य छेड़छाड़ का ही परिणाम है। केंद्र हो या राज्य, सरकारों का ध्यान बाढ़ के बाद राहत कार्यों व मुआवजे पर रहता है, यह दुखद ही है कि आजादी के 72 साल बाद भी हम वहां बाढ़ नियंत्रण की कोई मुकम्मल योजना नहीं दे पाए हैं। यदि इस अवधि में राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान व बांटी गई राहत राशि को जोड़ें तो पाएंगे कि इतने धन में एक नया सुरक्षित असम खड़ा किया जा सकता था। पिछले कुछ सालों से ब्रह्मपुत्र का प्रवाह दिनोंदिन रौद्र होने का मुख्य कारण इसके पहाड़ी मार्ग पर अंधाधुंध जंगल कटाई माना जा रहा है। उस क्षेत्र में बारिश भी जम कर होती है। बारिश की मोटी-मोटी बूंदें पहले पेड़ों पर गिर कर जमीन से मिलती थीं, लेकिन जब पेड़ कम हुए तो ये बूंदें सीधी ही जमीन से टकराने लगीं। इससे जमीन की ऊपरी परत उधड़ कर पानी के साथ बह रही है। फलस्वरूप नदी के बहाव में अधिक मिट्टी जा रही है। इससे नदी उथली हो गई है और थोड़ा पानी आने पर ही इसकी जल धारा बिखर कर बस्तियों की राह पकड़ लेती है।

असम में हर साल तबाही मचाने वाली ब्रह्मपुत्र और बराक नदियां, उनकी कोई 48 सहायक नदियां और उनसे जुड़ी असंख्य सरिताओं पर सिंचाई व बिजली उत्पादन परियोजनाओं के अलावा इनके जल प्रवाह को आबादी में घुसने से रोकने की योजनाएं बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। एक बात और यह कि ब्रह्मपुत्र नदी के प्रवाह का अनुमान लगाना भी बेहद कठिन है। इसकी धारा की दिशा कहीं भी, कभी भी बदल जाती है। परिणामस्वरूप जमीनों का कटाव, उपजाऊ जमीन का नुकसान भी होता रहता है। यह क्षेत्र भूकंपग्रस्त है। समय-समय पर यहां धरती हिलने के हल्के-फुल्के झटके आते रहते हैं। इसके कारण जमीन खिसकने की घटनाएं भी यहां की खेती-किसानी को प्रभावित करती हैं।

राज्य में नदी पर अधिकांश तटबंध व बांध 60 के दशक में बनाए गए थे। अब वे बढ़ते पानी को रोक पाने में असमर्थ हैं। फिर उनमें गाद भी जम गई है, जिसकी नियमित सफाई की कोई व्यवस्था नहीं हैं। पिछले साल पहली बारिश के दबाव में 50 से अधिक स्थानों पर ये बांध टूटे थे। इस साल पहले ही महीने में 27 जगहों पर मेढ़ टूटने से जलनिधि के गांव में फैलने की खबर है। बराक नदी गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना नदी प्रणाली की दूसरे नंबर की सबसे बड़ी नदी है। इसमें उत्तर-पूर्वी भारत के कई सौ पहाड़ी नाले आकर मिलते हैं जो इसमें पानी की मात्रा व उसका वेग बड़ा देते हैं।

ब्रह्मपुत्र घाटी में तट-कटाव और बाढ़ प्रबंध के उपायों की योजना बनाने और उसे लागू करने के लिए दिसंबर, 1981 में ब्रह्मपुत्र बोर्ड की स्थापना की गई थी। बोर्ड ने ब्रह्मपुत्र व बराक की सहायक नदियों से संबंधित योजना कई साल पहले तैयार भी कर ली थी। केंद्र सरकार के अधीन एक बाढ़ नियंत्रण महकमा कई सालों से काम कर रहा है और उसके रिकॉर्ड में ब्रह्मपुत्र घाटी देश के सर्वाधिक बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में से है। इन महकमों ने इस दिशा में अभी तक क्या कुछ किया? असम को सालाना बाढ़ के प्रकोप से बचाने के लिए ब्रह्मपुत्र व उसकी सहायक नदियों की गाद सफाई, पुराने बांध व तटबंधों की सफाई, नए बांधों का निर्माण जरूरी है।

कानूनी प्रक्रिया से ही हो दंडात्मक कार्रवाई

बुलडोज़र अब प्रतीक बन गया है दमन के पर्याय जैसे अलोकतांत्रिक व्यवहार का। लगता है उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस मशीन को अपना राजकीय चिन्ह और सरकारी मुहर बनाने की ठान ली है। जब यह दैत्य एक वर्ग विशेष के गली-मोहल्ले में प्रदर्शनकारियों के घर और चूल्हे गिराने के लिए दनदनाता है तो एक नई किस्म का फौरी और बिना संस्थागत मुकदमा-सुनवाई वाला दुराग्रह से प्रेरित दंड नजर आता है। हमारा संविधान सरकारों को सख्ती बरतने का एकाधिकार देता है लेकिन केवल तभी जब यह नागरिकों के जान-माल बचाने की खातिर हो, और इसकी भी एक बाकायदा कानून सम्मत प्रक्रिया है। लेकिन दुर्भाग्यवश, सरकार न्याय प्रक्रिया को ताक पर रखकर अपने ही नागरिकों की जायदाद पर दमनात्मक कार्रवाई बरपा रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार की प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध इस अनुचित प्रतिकर्म वाली नीति के विरुद्ध जमीयत उलेमा-ए-हिंद द्वारा दायर एक याचिका को स्वीकार कर सर्वोच्च न्यायालय ने दखल देकर सही किया है और कहा-'कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बगैर निर्माण ढहाने की कोई कार्रवाई नहीं होगी।' अलबत्ता यह आदेश इस किस्म की तमाम अन्य कार्रवाइयों पर एकमुश्त रोक लगाने से जरा पहले रुक गया है, जिसे पाना याचिकाकर्ताओं का हक है ताकि एक बाकायदा चुनकर आई सरकार द्वारा कानूनी प्रक्रिया की अलफ उल्लंघना पर रोक लग सके। बिडंबना कि इसी सरकार को कानून की प्रक्रिया बनाए रखने का जनादेश दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश ने जिस बृहद तात्विक प्रश्न को छेड़ दिया है, वह यह है कि जो सरकार खुद कानून की प्रक्रिया को ताक पर रखे उसके प्रति समाज की प्रतिक्रिया कैसी हो। यथा, जब-जब विरोध प्रदर्शन की तीव्रता बढ़े तो क्या उसी अनुपात में प्रतिक्रमात्मक उपाय भी बढ़ेंगे, और इससे हिंसा का न थमने वाला चक्र शुरू हो जाएगा, जो आगे एक वर्ग विशेष को और ज्यादा हाशिये पर धकेलेगा और प्रदर्शनों का अपराधीकरण होगा।

बदतर यह कि शासकों द्वारा ऐसे कारनामे दंड-भय से मुक्त होकर किए जा रहे हैं क्योंकि उन्हें यकीन है कि अपनी 'सल्तनत' बनने तक वे सत्ता में बनेंगे। क्या हो अगर कभी भविष्य में अखिलेश यादव या मायावती की सरकार उन्हीं बुलडोज़रों को अपने राजनीतिक विरोधियों के घरों पर चढ़ाए? आखिरकार, देशभर में सबसे खराब अमल भवन निर्माण नियम संहिता पर होता आया है। हमारे समाज के भ्रष्टाचार का सबसे बढ़िया और प्रत्यक्ष नमूना स्थानीय निकाय विभागों द्वारा भवन निर्माण संहिता का अक्षरशः पालन न करवाने में दिखता है। यह नागरिकों द्वारा नियमों का पालन करने की मंशा से ज्यादा घटिया प्रशासनिक निजाम का अक्स है। कहीं भी, किसी भी भवन में की गई निर्माण नियमों की उल्लंघना रिश्वत देकर और अगर बड़े पैमाने पर की गई हो तो वोट-बैंक की सौदेबाजी से नियमित कर दी जाती है। तब फिर क्यों नहीं बुलडोज़र भारत के सबसे आलीशान किंतु अवैध कालोनियों, जैसे कि दिल्ली के पॉश फार्म इलाके पर जा चढ़ता।

जाहिर है, यहां मसला नियम उल्लंघना का नहीं बल्कि उल्लंघनकर्ता कौन है, इसका है, जिसके घर के दरवाजे पर एक दिन नोटिस चिपकाया जाता है तो अगले ही रोज बुलडोजर से ढहा दिया जाता है। और जब एक वर्ग विशेष को इस तरह निशाना बनाकर कार्रवाई हो, सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल पैदा होते हैं। ऐसे में उस वर्ग विशेष के यकीन को कैसे झुठलाएं जब वह कहे कि उत्तर प्रदेश सरकार पक्षपाती है और इससे न्याय की आस नहीं? एक पक्षपाती सरकार द्वारा खास वर्ग को दबाना क्या ठीक वही नहीं है जैसी कि मुगल सम्राट औरंगज़ेब की नीतियां थीं? इसलिए औरंगज़ेब को लानत-मलामत डालने वाले क्या खुद भी उसके जैसा पक्षपाती और मजहब परस्त प्रशासन बनाने की नकल नहीं कर रहे?

यह तथ्य है कि उत्तर प्रदेश में हुए विरोध प्रदर्शनों में अधिकांश को संप्रदाय विशेष के उन कट्टरपंथी तत्वों ने हवा देकर भड़काया है, जिनका यकीन मौलाना मौदुदी का बताया निज़ाम बनाने में है, इसका मकसद भारत में सांप्रदायिक राजनीति के जरिए एकाधिकार वाली प्रतिगामी सत्ता बनाना है,और इस राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु हथियार तक उठाने में गुरेज न हो, जैसा कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में हिंसा के जरिए इलाका हड़पा था। एक संप्रदाय विशेष के राजनीतिक संगठनों ने दिखावे के लिए प्रगतिशील दलित-समर्थक होने का मुखौटा लगा रखा है, केरल में पाली-पोसी इस विधा को हिंदी भाषी प्रदेशों में फैलाया गया, जो केवल 'दूसरों' के खिलाफ हिंसा को न्यायोचित बनाने के लिए है, फिर चाहे यह 'बेगाने' कोई भी हों, उस इलाके के कम गिनती वाले अल्पसंख्यक। इसलिए आपत्तिजनक टिप्पणी से सड़कों पर जो हिंसा बनी, वह भी सिर्फ जब खाड़ी के मुल्कों द्वारा इसे विषय बनाने के बाद, हालांकि यह अराजकता उस धर्म विशेष के चरमपंथी और सांप्रदायिक तत्वों द्वारा भी भड़काई जा सकती थी। ऐसे तत्वों की शिनाख्त होने के बाद उन पर सख्त से सख्त कानूनों के तहत मामला चले और जेल में रखा जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे और नफरत और वैमनस्य न फैलाने पाएं। लेकिन पुलिस की सुस्ती का तोड़ बुलडोजर नहीं हो सकता। केवल फौरी शक या अनुमान के आधार पर किसी को समस्या पैदा करने वाला मान लेना एक कानून-सम्मत समाज के लिए अच्छा नहीं है। हिंसा भड़काने वालों के मामलों में, सरकारी वकीलों को ठोस सबूत पेश करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी ताकि आरोपी प्रमाणों के अभाव में छूटने न पाए, और ऐसा होता है तो हो जाने देने वाला रवैया न अपनाएं। तब यह प्रक्रिया सरकार की नीयत और कार्रवाई को वैधता देती है।

राजेश रामचंद्रन

आपका राशिफल 23 जून

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-6

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली- 5848



बायें से दायें:-

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
२. 'साथिन' की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरुख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. 'मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया' गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की 'तारों की चूनर' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'क्या मैंने सोचा' गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जावेद, एशा, राइमा, शिल्पा की 'उन से पूछो' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'सलमा को मिल' गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'कोयल बोली दुनिया डोली' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'दिल डूबा डूबा नीली' गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की 'माथे पे चमके' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'ये चाँद सा' गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरुण गोविल, साहिला की 'मेरी चढ़ती जवानी समझे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरा कुछ सामान' गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की 'सुबह से लेकर' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'तू ने कहा जब मैं' गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की 'हम यहाँ तुम वहाँ' गीत वाली फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की 'जाता हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२,१
३. 'इश्क में दिल' गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरुख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, चंकीगता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. 'आगे सुख तो' गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की 'जब जब प्यार' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दो नैनों के पंख' गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की 'नशा है आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'गैर से अंख लड़ाई' गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की 'चंचई धूप के' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'मेरा मन भंवरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. 'देखो देखो जानम हम' गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5847

Jagrutidaur.com, Bangalore

वास्तु के एक सुधार से हो सकती है करोड़ों की बचत

कुछ लोग वास्तुशास्त्र को बहुत हल्के में लेते हैं। ऐसे लोग कहते हैं वास्तु फालतू की चीज है, कुछ कहेंगे लोग अपना वास्तु का धंधा चमकाने के लिए इसे महत्व देते हैं। किन्तु वास्तुशास्त्र स्वयं में एक विज्ञान है। जो मकान वास्तुशास्त्रानुसार बने होते हैं उनमें प्रवेश करते ही एक अलग सी ऊर्जा अनुभूत होती है। उसमें स्वतः रौनक रहती है। जबकि वास्तु के प्रतिकूल बने हुए मकानों में रहने वालों को आलस आता है, काम में मन नहीं लगता, कार्य करने का उत्साह नहीं होता, चिड़चिड़ापन अनुभव करते हैं। मकान को वास्तु अनुकूल करने के लिए बिना तोड़-फोड़ के भी अनेक उपाय हैं। भवन में कोई बड़ा दोष होने पर उसका गृहस्वामी कंगाल भी हो जाता है। उसमें रहने वाले किरायेदार को भी नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं वास्तु अनुकूल भवन में निवास करने वाला गृहस्वामी अल्प समय में मालामाल भी हो जाता है। यह न समझें कि केवल वास्तु अनुसार मकान बनाकर रहने लगे तो घर में पड़े-पड़े ही करोड़पति बन जायेंगे। वास्तु अनुकूल मकान में अच्छी ऊर्जा रहती है, खूब रौनक रहती है, गृहस्वामी प्रसन्न रहता है, उसे कार्य करने का उत्साह बढ़ता है, नये नये विचार आते हैं, कुछ करगुजरने के जुनून के कारण आमदनी के स्रोत बनते जाते हैं, परिवारजन स्वस्थ रहते हैं। एक दो बड़े दोषों का निवारण करने पर भी हमारा कायाकल्प हो सकता है। इस विषय में हम केवल एक सच्ची घटना बाताते हैं।

एक व्यक्ति जिसे हम आच्छी तरह जानते हैं, वह आत्मीय ही हैं। सन् 2005 की बात है। मकान खरीदने का जुनून था, पैसे अधिक थे नहीं। धारणा ये थी कि फ्लैट नहीं खरीदना है, जमीन से ही छोटा-मोटा मकान हो वह ले लेंगे। खोज जारी रही। छोपड़ी नुमा टीनसेड का पुराना घर एजेन्ट ने बताया। वह घर दक्षिणमुखी भी था। जमा-पूंजी थोड़ी सी थी, कहीं मकान गड़बड़ न निकल आये, नहीं तो वह भी फँस जायेगी। मालूम किया व्यक्ति क्यों बेचना चाहता है। ज्ञात हुआ उसमें काम करने का मन नहीं लगता। उसकी धारणा थी कि इस मकान में कुछ ऐसा है जिस कारण कार्य नहीं हो रहे हैं, अधिक मेहनत करने पर भी कर्ज बढ़ रहा है। आत्मीय ने वास्तु टिप्स लिए, वास्तु जानकारी जुटाई। लगभग 20-25 दिन तक सामने की चाय की दुकान पर चाय पीता और मकान को देख कर लेने न लेने पर विचार करता। अन्त में उसकी आर्थिक हैसियत के अंदर मकान होने और दक्षिणमुखी होने पर भी मुख्यद्वार की ओर राजमार्ग होने के कारण खरीद लिया गया। खरीदने के उपरान्त उसे बनवाने का सामर्थ्य नहीं था। केवल वास्तु अनुसार दो बड़े बदलाव करना थे। एक तो शौचालय ठीक ईशान में था उसे बदलना था और दूसरा मकान पर लगे टीनों का ढलान दक्षिण की ओर था, उसे पूर्व की ओर करना था। जब शौचालय तोड़ा जाने लगा तो उसी के नीचे ईशान दिशा में ही सैप्टिक टैंक मिला। उसे साफ करवाया गया। मकान का टूटन का मलवा ही उसमें भरवाकर ईशान को छोड़कर निकट ही तात्कालिक टायलेट बनवाया गया। ईशान में स्नानगृह बना। किन्तु यह संकल्प लिया गया कि पूर्व दिशा से भी लायलेट सीट हटाना है। समय बीतता गया, तीन-चार वर्षों में मकान बनाने की क्षमता आ गई। दो मंजिल मकान बना, उपरान्त तीसरी मंजिल भी बन गई। मकान जब बनवाना प्रारंभ किया तब ईशान में पिलर के डोबरे के साथ पानी टंकी भी बनवा ली गई थी। पहले मकान बनाने में उसी का पानी काम में आता था, उपरान्त जल भण्डारण के काम में वह आता है और वास्तु का दोष मिटा कर उससे अनुकूल वास्तु भी हो गया, बल्कि ईशान दिशा में बने भूमिगत जलभण्डारण से मकान के अन्य छोटे-मोटे दोषों का भी परिहार होता है। आज उस मकान की अच्छी कीमत है और मकाल मालिक भी अच्छी हैसियत रखता है। इसलिए यदि हम अपनी और अपने परिवार की प्रगति चाहते हैं तो मकान के गंभीर वास्तुदोषों की अनदेखी नहीं करना चाहिए।

सूडोकु नवताल- 6364

★★★★☆ कठिन

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6363 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	3	5	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7

विचार प्रवाह

हिन्दुस्तान में दो बच्चों से ज्यादा पैदा करने पर कानूनी तौर पर रोक लगा देनी चाहिए। हिन्दू हो या मुसलमान। यह कानून सबके लिए होना चाहिए। अगर कोई इसकी खिलाफत करता है तो उसे वोट देने के हक स व

पंचायत चुनाव के लिए सात करोड़ 82 लाख और नगरीय निकाय चुनाव के लिए तीन करोड़ नौ लाख रुपये किए जारी

भोपाल, (यशभारत)। पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में टेंट, शामियाना, लाइट जैसी व्यवस्थाओं पर 11 करोड़ रुपये खर्च होंगे। राज्य निर्वाचन

टेंट, शामियाना और लाइट जैसी व्यवस्था पर खर्च होंगे 11 करोड़ रुपये

आयोग ने सभी जिलों को दोनों चुनाव की व्यवस्था के लिए बजट आवंटन जारी कर दिया है। इस राशि का उपयोग मतदान सामग्री के वितरण और प्राप्ति के समय टेंट, शामियाना, बैठक व्यवस्था, लाइट आदि की व्यवस्था में किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव के लिए तीन करोड़ नौ लाख रुपये और पंचायत चुनाव के लिए सात करोड़ 82 लाख रुपये से अधिक राशि आवंटित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि चुनाव में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली हैं। मतदान सामग्री के वितरण और प्राप्ति के समय टेंट, शामियाना, बैठक व्यवस्था, लाइट आदि के लिए कलेक्टरों को बजट उपलब्ध करा दिया है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए सर्वाधिक 19 लाख रुपये इंदौर जिले को आवंटित किए गए हैं। जबकि, पंचायत चुनाव के लिए सर्वाधिक 32 लाख रुपये धार जिले को दिए हैं। इसके तहत जो भी कार्य व्यवस्था बनाने के लिए किया जाएगा, उसके सत्यापन के लिए अपर कलेक्टर या जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाई जाए। कलेक्टरों को यह भी निर्देश दिए हैं कि बजट से अधिक राशि व्यय न की जाए। यदि ऐसा होता है तो उसे अनियमित व्यय मानकर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

जाति प्रमाण पत्र पर आई थी आपत्ति, संतोष कंसाना समेत दो कांग्रेस प्रत्याशियों के आवेदन निरस्त

वार्ड 28 से प्रत्याशी राहुल देवराज जाधव का आवेदन भी निरस्त

जांच में फरीदाबाद और औरंगाबाद के बने पाए गए जाति प्रमाण पत्र।

भोपाल, (यशभारत)। नगरीय निकाय चुनाव में मंगलवार को जांच के बाद कांग्रेस के दो पार्षद पद के उम्मीदवारों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। दरअसल इनके जाति प्रमाण पत्र पर सोमवार को समीक्षा के दौरान भाजपा ने आपत्ति दर्ज कराई गई थी। इससे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अविनाश लवानिया ने दोनों आवेदनों को अपने पास जांच के लिए रख लिया था। इस पर मंगलवार को सुनवाई की गई और इसके बाद दोनों के आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है। नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड 29 से पार्षद पद के लिए कांग्रेस ने संतोष कंसाना को उम्मीदवार घोषित किया था। जबकि वार्ड 28 से राहुल देवराज जाधव को पार्षद पद का उम्मीदवार बनाया गया था। सोमवार को समीक्षा के दौरान दोनों के जाति प्रमाण पत्र को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी। इस पर मंगलवार को कलेक्टर अविनाश लवानिया ने जाति प्रमाण पत्र को लेकर सुनवाई की। जांच में पता चला कि कंसाना का मूल जाति प्रमाण पत्र फरीदाबाद हरियाणा का है और जो उन्होंने आवेदन में लगाया है, वह माइग्रेशन वाला बना हुआ है। इसी तरह राहुल जाधव का जाति प्रमाण पत्र औरंगाबाद महाराष्ट्र का है। यहां माइग्रेशन वाला बना हुआ है। इसी को लेकर भाजपा ने आपत्ति दर्ज कराई थी कि नए नियमों के अनुसार मध्यप्रदेश में ही बना हुआ प्रमाण पत्र वैध होगा। जांच के बाद कलेक्टर ने दोनों के आवेदनों को निरस्त कर दिया है। इस तरह अब दोनों कांग्रेस के दोनों उम्मीदवार नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद पद की दौड़ से बाहर हो गए हैं। टीटीनगर क्षेत्र में आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र नहीं देने से पार्षद पद के उम्मीदवार संजय वर्मा, विमलेश यादव, दिनेश भारतीय के आवेदन निरस्त हो गए। में जाति प्रमाण पत्र पेश नहीं किया था। वहीं वार्ड छह से मालती विश्वकर्मा ने स्वयं की जगह पति का जाति प्रमाण पत्र लगा दिया था। इससे दोनों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं।

10 हजार करोड़ से रेलवे खुद संवारेगा 51 स्टेशनों की सूरत

रानी कमलापति स्टेशन की तरह पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की थी योजना

भोपाल, (यशभारत)। रेलवे अपने स्टेशनों को पुन: विकसित कराने के लिए अब निजी कंपनियों को नहीं सौंपेगा, बल्कि खुद इनकी सूरत संवारेगा। इसकी शुरुआत भी कर दी गई है। 51 प्रमुख स्टेशनों को इंजीनियरिंग, प्रबंध और निर्माण (ईपीसी) माडल के तहत विकसित किया जाएगा। वर्षों से चले आ रहे इस माडल में अनुबंध कर ठेकेदारों से काम करवाया जाता है। इन 51 स्टेशनों की सूरत बदलने के लिए लगभग 10 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए रेल लैंड डेवलपमेंट अथारिटी को नोडल एजेंसी बनाया गया है। एजेंसी ने दो स्टेशनों की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है, दो की जारी है। बाकी 47 स्टेशनों के लिए भी टेंडर जल्द निकाले जाएंगे। अथारिटी में वाइस चेयरमैन कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार व रेलवे बोर्ड के बीच राशि खर्च करने को लेकर सहमति बनने के बाद ईपीसी माडल पर टेंडर बुलाने की अनुमति मिली थी। इनमें स्टेशनों की संख्या बढ़ भी सकती है। सभी प्रमुख स्टेशनों के टेंडर पूर्ण होने के बाद जानकारी सार्वजनिक भी की जाएगी। भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत विकसित किया गया है। इस पर 400 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। इनमें से यात्री सुविधाओं वाले कामों पर करीब 100 करोड़ व 300 करोड़ रुपये व्यावसायिक

गतिविधियों पर खर्च किए जा रहे हैं। यह राशि निजी कंपनी लगा रही है। रेलवे ने बदले में डेवलपर कंपनी को 45 वर्षों के लिए लीज पर स्टेशन व उसके आसपास की बेशकीमती जमीन दी है। इसमें यात्रियों व माल परिवहन से कमाई को छोड़कर सभी पर डेवलपर का अधिकार है। रेलवे इसी माडल के तहत इन 51 स्टेशनों को विकसित करने की मंशा भी जाहिर कर चुका था।

इन स्टेशनों का पुन विकास करने जा रहा रेलवे

टेंडर प्रक्रिया पूर्ण - तिरुपति और गया।
इनके टेंडर खुले - उधना व सोमनाथ।
इन स्टेशनों के टेंडर जुलाई के पहले हफ्ते में खुलेंगे दिल्ली कैंट, चारबाग (लखनऊ), गाजियाबाद, उदयपुर, कोटा, ढकनिया तलाव, लुधियाना, ग्वालियर, फरीदाबाद, पुरी, नागपुर, भुवनेश्वर, रामेश्वरम, एर्नाकुलम, कन्याकुमारी, पुडुचेरी, नेल्लौर, मुदुरै, कोल्लम, मुजफ्फरपुर, कटपाड़ी, जम्मू-तवी, बेंगलुरु कैंट, न्यू जलपाईगुड़ी, जालंधर कैंट, सिकंदराबाद, साबरमती, चंडीगढ़, जयपुर, चेन्नई एग्मोर, एर्नाकुलम टाउन, जैसलमेर, रांची, जोधपुर, कानपुर, प्रयागराज व विशाखापट्टनम।

इन स्टेशनों के टेंडर जुलाई के दूसरे हफ्ते में -

अंधेरी (मुंबई), नई दिल्ली, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (मुंबई), सूरत, आसनसोल, इंदौर, न्यू भुज, यशवंतपुर, खंडवा व अहमदाबाद। (स्त्रोत = रेल लैंड डेवलपमेंट अथारिटी की वेबसाइट)

इसलिए छोड़ा पीपीपी माडल

रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि पीपीपी माडल पर स्टेशनों को विकसित कराने का अनुभव ठीक नहीं रहा है। यह उचित भी नहीं है कि अपनी संपत्ति लंबे समय तक निजी कंपनियों को दे दी जाए। भविष्य में रेलवे को संबंधित स्टेशनों पर कोई बदलाव करना हो, तब पीपीपी माडल की वजह से बाधा उत्पन्न् होना भी तय है।

पांच माह में भोपालियों के खाते से साइबर ठगों ने 7 करोड़ चुराए

भोपाल, (यशभारत)। राजधानी में लगातार साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। पिछले पांच महीनों में साइबर क्राइम के पास 18 सौ के करीब शिकायतें पहुंची। इनको मिलाकर 7 करोड़ रुरूपये साइबर ठग भोपालियों के खाते से चुरा चुके हैं। इसमें से जिन लोगों घटना के शिकार होने के 24 घंटे के अंदर पुलिस को सूचना दे दी, उन लोगों के करीब 35 लाख रूपये करीब साइबर क्राइम पुलिस आरोपितों के खाते में वापस करा चुकी है। इसके अलावा 15 लाख रुपये पकड़ में आए साइबर ठगों के खाते से बरामद किए जा चुके हैं। उसके बाद भी यह आनलाइन धोखाधड़ी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। साइबर क्राइम के अधिकारियों का कहना है कि आनलाइन लेनदेन करते समय हमेशा सावधानी बरतें और किसी लालच में नहीं आए। तभी इस प्रकार की ठगी से बचा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक भोपाल साइबर क्राइम पुलिस इन दिनों सबसे अधिक परेशान ओटीपी धोखाधड़ी को लेकर है,सबसे अधिक शिकायतें इसी प्रकार से लोगों के साथ धोखाधड़ी की हो रही है। अलग अलग तरीके से लोगों को झांसा देकर साइबर ठग उनसे ओटीपी हासिल कर रहे हैं और उनके खाते में रकम निकाल रहे हैं।जो लोग समय रहते शिकायत कर रहे हैं साइबरक्राइम उनकी रकम को तत्काल फ्रिज कराने की कोशिश करती है। अभी तक करीब 35 लाख रुपये की राशि को साइबर क्राइम वापस कर चुकी है और 15 लाख रुपए की राशि जो साइबर ऑनलाइन ठगों को गिरफ्तारी के दौरान के खातों से मिली है उसे जप्त कर चुकी है। इस तरह से पुलिस लगातार साइबर अपराधियों पर अपना शिकंजा कस रही है।

25 जुलाई से विधानसभा का मानसून सत्र

प्रथम अनुपूरक बजट होगा प्रस्तुत

भोपाल, (यशभारत)। मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 25 जुलाई से प्रारंभ होगा। 29 जुलाई तक चलने वाले इस सत्र में सरकार वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रथम अनुपूरक अनुमान (बजट) प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा अध्यादेश के स्थान पर मध्य प्रदेश नगर पालिक विधि और भू-राजस्व संहिता में संशोधन के लिए विधेयक प्रस्तुत किए जाएंगे। विधानसभा सचिवालय ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अनुमति मिलने के बाद बुधवार को सत्र की अधिसूचना जारी कर दी। वहीं, सत्र की कम अवधि को लेकर नेता प्रतिपक्ष डा.गोविन्द सिंह ने आपत्ति जताई है। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय इस सत्र में शासकीय के अलावा अशासकीय कार्य भी संपादित किए जाएंगे। शुक्रवार को अशासकीय संकल्प पर चर्चा होगी। सत्र के

दौरान बैठकें प्रतिदिन सुबह 11 बजे से प्रारंभ होंगे। प्रश्नकाल, शून्यकाल और ध्यानाकर्षण सूचनाओं पर चर्चा कराने के बाद अन्य कार्य संपादित किए जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में प्रवेश पत्र के बिना किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली यानी जनता के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके लिए अध्यादेश के माध्यम से नगर पालिक विधि में संशोधन किया गया है। अब अध्यादेश के स्थान पर संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया जाएगा। इसी तरह राजस्व विभाग ने भू-राजस्व संहिता में संशोधन करके राजस्व मंडल में खंडपीठ गठित करने का प्रविधान किया है। इसके लिए भी संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, वित्त विभाग अधोसंरचना विकास के कार्यों के लिए निर्माण विभागों को अनुपूरक बजट के माध्यम से अतिरिक्ति राशि आवंटित करने का प्रविधान करेगा। उधर, सत्र की कम अवधि को लेकर नेता प्रतिपक्ष डा.गोविन्द सिंह ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कम से कम बीस दिन का सत्र बुलाने का अनुरोध किया था लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। सत्र की अवधि लगातार कम होती जा रही है। ऐसे में जनहित के मुद्दों पर सदन में चर्चा भी नहीं हो पा रही है। उन्होंने सरकार से सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग की है।

मनाया नीम के पेड़ का जन्मोत्सव

प्रमुख सचिव और पुलिस कमिश्नर हुए शामिल

आदर्श मार्केट में 21 जून 1995 को रोपा गया था नीमा का पौधा

पेड़ की बच्चों की तरह देखरेख करते हैं आदर्श मार्केट के व्यवसायी

भोपाल, (यशभारत)। राजधानी के भेल पिपलानी आदर्श मार्केट में खड़ा नीम का वृक्ष आज सत्ताइस बरस का हो गया। हर साल की तरह इस बार भी आदर्श मार्केट के दुकानदारो और पर्यावरण प्रेमियों ने केक काटकर सादगी से नीम के पेड़ का जन्मदिन मनाया। इस अनूठे आयोजन की जोर-शोर से तैयारियां की गई थीं। नीम के पेड़ को रंग-बिरंगे रिबन से सजाया गया। पेड़ के चबूतरे का रंग-रोगन किया गया। मंगलवार सुबह 10 बजे नीम के पेड़ का जन्मदिन मनाकर शहर से देश भर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अनूठे बर्थ-डे सेलिब्रेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर मप्र शासन के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला शामिल हुए, वहीं भोपाल के पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इसके अलावा सम्मानित अतिथियों के रूप में भेल के महाप्रबंधक अविनाश चंद्र, रिजवान सिद्दीकी, एसबी सिंह के अलावा कमांडेंट हरीश साहू, भेल नगर प्रशासक सपन सुहाने एंव अपर महाप्रबंधनक राजीव सरना भी कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम में केक काटकर सबका मुंह मीठा कराया गया और पेड़ के जन्मदिन की बधाई दी गई। इस दौरान ग्राम सेवा समिति के सचिव अशोक जैन का गांधी दर्शन अंतर्गत सुदूर देहात में गांधी ग्राम स्थापना हेतु सम्मान भी किया गया।

27 साल से कायम है परंपरा

भेल आर्दश मार्केट के दुकानदारों ने सत?ताइस साल पहले आज ही के दिन यानी 21 जून 1995 को नीम का पौधा रोपा था। पौधा लगाने पर दुकानदारों को विचार आया कि पौधे लगाने व पर्यावरण सरंक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए इसका हर साल जन्मदिन मनाएंगे। उस वक्त रोपा गया नीम का नन्हा पौधा अब विशाल लहलहाते वृक्ष में तब्दील हो गया है। तबसे ही हर साल नीम का जन्मदिन मनाने का सिलसिला बना हुआ। भेल आर्दश मार्केट के दुकानदार अपनी संतान की तरह नीम के पेड़ की देखरेख करते हैं।

यूनानी पैथी के डॉक्टर कर रहे थे एलोपैथी से इलाज

डेंटल क्लीनिक में चल रही थी पैथोलाजी

सीएमएचओ ने कोलार पुलिस को लिखा कार्रवाई के लिए पत्र

कोलार के पांच क्लीनिक संचालकों पर होगी एफआइआर

भोपाल, (यशभारत)। कोलार क्षेत्र में कुछ क्लीनिक संचालक आम नागरिकों के इलाज के नाम पर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे पांच क्लीनिक की पहचान की है। इनमें से तीन क्लीनिक का संचालन बगैर पंजीयन का किया जा रहा था। एक क्लीनिक में अवैध रूप से पैथालाजी चलाई जा रही थी। दो संचालकों के पास वैध डिग्री नहीं मिली है। वहीं एक संचालक के पास डिग्री तो है लेकिन वह पंजीकृत नहीं है। तब भी ये इलाज कर रहे थे। इतना ही नहीं, सभी क्लीनिक में बड़ी मात्रा में एलोपैथी दवाईयां भी मिली हैं। इन पांचों क्लीनिक में रोजाना सैकड़ों लोग इलाज और जांच कराते थे। स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त जांच दल ने 11 व 13 जून को निरीक्षण किया। इस दौरान पांच क्लीनिक में गड़बड़ियां मिलीं। जांच दल में डा. अरविंद टेंडन व डा. आर कुमार शामिल थे। जांच पूरी करने के बाद इनके संचालकों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के लिए कोलार पुलिस को सीएमएचओ ने पत्र लिखा है। सीएमएचओ डा. प्रभाकर तिवारी के मुताबिक क्लीनिक संचालक गंभीर अनदेखियां कर रहे थे, जो कि आमजन के स्वास्थ्य के खिलाफ है। पुलिस को पत्र लिखकर कहा है कि इनके खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किए जाएं। विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई कर रहे हैं।

बिना अनुमति व पंजीयन के चल रहा था हेल्थ केयर क्लीनिक

कोलार क्षेत्र में रवेंद्र सिंह बगैर अनुमति व डिग्री का पंजीयन कराए हेल्थ केयर क्लीनिक चला रहे थे। औचक निरीक्षण में पाया कि रवेंद्र के पास डिग्री है लेकिन उसका पंजीयन नहीं है। क्लीनिक का भी पंजीयन नहीं कराया है। यहीं से एलोपैथी दवाईयां भी बेचते हैं, जिस पर सीएमएचओ ने 17 जून को कोलार पुलिस को आमजन के जानमाल से खिलवाड़ करने व अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन करने के आरोप में प्रकरण दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। कोलार की राजहर्ष कालोनी में आयुष पाली क्लीनिक नाम से क्लीनिक खुला हुआ था, जिसका पंजीयन नहीं था। 11 जून को दो डाक्टरों द्वारा की गई जांच में यह पाया गया है। इसका संचालन डा. लता झा द्वारा किया जा रहा था जो कि होम्योपैथी डिग्रीधारी डाक्टर हैं। बगैर पंजीयन के क्लीनिक का संचालन नहीं किया जा सकता है। ऐसा करना अपराध है। इस संबंध में भी कोलार पुलिस को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की है।

अयोध्या नगर में कलश यात्रा के साथ बागेश्वर धाम सरकार कथा महोत्सव शुरू

पंचमुखी हनुमान मंदिर में पांच दिन तक रोज शाम 4-00 से 6-00 तक बागेश्वर धाम के युवा संत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री प्रवचन देंगे।

भोपाल, (यशभारत)। राजधानी में अयोध्या बायपास पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में बागेश्वर धाम सरकार की कथा का आयोजन 22 से 26 जून तक हो रहा है। शहर में पहली बार बागेश्वर धाम की कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। दोपहर 12 बजे भव्?य कलश यात्रा के साथ %भक्?तमाल कथा महोत्?सव% नामक इस कथा महोत्?सव का आगाज हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्?या में महिला श्रद्धालुओं के साथ-साथ पुरुष व बच्?चे-बुजुर्ग भी शामिल हैं। अयोध्या बायपास नरेला जोड़ से कलश यात्रा शुरू हुई जो इलाके की कई कालोनियों से होकर दोपहर दो बजे के बाद पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद शाम 4ः00 से 6ः00 तक छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम के युवा संत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रवचन होंगे। समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी है। समिति के दिनेश साहू ने बताया कि गुरुवार से कथा के पूर्व सुबह 11 बजे से दरबार लगेगा, जो दोपहर दो बजे तक चलेगा। इसमें लोग पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से अपने प्रश्नों का हल पूछ सकेंगे। भक्तमाल की कथा का समापन 26 जून को होगा। इस धार्मिक समागम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसके लिए विशाल पंडाल लगाया गया है। इसमें आकर्षक साजसज्जा भी की गई है। बता दें कि युवा संत कथा वाचन की अपनी अनूठी शैली के कारण देखते ही देखते देश-विदेश में ख्याति पा चुके हैं। कथा के दौरान उनके तीखे कटाक्ष भी आए दिन इंटरनेट मीडिया पर वायरल होते देखे जा सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन पंचमुखी दुर्गा सिद्ध हनुमान मंदिर समिति अयोध्या नगर द्वारा किया जा रहा है।

बीजासेन वार्ड से भाजपा प्रत्याशी जया सोनी का नामांकन निरस्त

गाडरवारा(यश भारत) निर्वाचन कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र की जाँच के उपरांत वार्ड क्रमांक 15 वीजासेन वार्ड से शिल्पी साहू कांग्रेस की एक मात्रा प्रत्याशी शेष बचने के कारण निर्विरोध निर्वाचित हो जाएँगी। उल्लेखनीय है की वीजासेन वार्ड से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती जया सोनी का जाति प्रमाण पत्र न होने से नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है ,इसी तरह वार्ड क्रमांक 16 राजीव वार्ड से आम आदमी पार्टी शकुन बाई तथा वार्ड क्रमांक 20 निरंजन वार्ड से रजनी बाई का जाति प्रमाण पत्र न होने से नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया है। इस प्रकार 3 नामनिर्देशन पत्र जाती प्रमाण पत्र के आभाव में निरस्त किये गए। अब 22 को नाम वापसी के बाद आज चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे। जाँच में वैध पाए गए नाम निर्देशन पत्र की जानकारी इस प्रकार है। वार्ड क्रमांक 1 गाँधी वार्ड से रविशेखर जायसवाल कांग्रेस, जितेंद्र जायसवाल भाजपा,गोलू निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 2 राजेंद्र बाबू वार्ड से गुलाब कांग्रेस से, कमल खटीक भाजपा, पावनी सिंह ठाकुर आम आदमी पार्टी, मनोहर लाल ठाकुर निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 3 इंद्रा वार्ड से श्रीकांत राय भाजपा, वीरेंद्र कुमार निर्दलीय, प्रदीप कौरव कांग्रेस , वार्ड क्रमांक 4 आजाद वार्ड से तुलसी कौरव ने कांग्रेस, सिहरीन राजपूत आम आदमी पार्टी, राजकुमारी भाजपा, वार्ड क्रमांक 5 महाराणा प्रताप से दीप्ति शर्मा निर्दलीय, कांग्रेस से हर्षा ससानी, संगीता आहूजा आम आदमी पार्टी, यामिनी शर्मा निर्दलीय, पूजा तिवारी भाजपा, माधुरी दीक्षित निर्दलीय, रश्मि चौधरी निर्दलीय, सूर्या रैकवार निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 6 कामथ वार्ड से महेश खत्री कांग्रेस, हीरालाल पटेल ने

नामांकन वापसी का अंतिम दिन आज

निर्दलीय, चंद्रकांत शर्मा भाजपा, वार्ड क्रमांक 7 भाभा वार्ड से सुरेंद्र गुर्जर भाजपा, तरुण सेन आम आदमी पार्टी, सुनील निर्दलीय, संदीप कौरव कांग्रेस, शरद निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 8 हनुमान वार्ड से मदन ठाकुर कांग्रेस रोहित ठाकुर भाजपा, रणजीत आम आदमी पार्टी, वार्ड क्रमांक 9 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड से शिवाकांत भाजपा, आश्रिता आम आदमी पार्टी, उमेश नीरस वार्ड क्रमांक 10 सुभाष वार्ड से अर्चना कुर्मी कांग्रेस, श्रीमती मंजू भाजपा, गीता लोधी निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 11 शहीद भगतसिंह वार्ड से बसंत तपा ने कांग्रेस से, बसंत तपा, आनंद दुबे भाजपा, राजकुमार कोष्टी निर्दलीय, राहुल निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 12 माता वार्ड पूजा जाटव ने कांग्रेस, मीरा बाई जाटव निर्दलीय, लक्ष्मी बाई जाटव कॉन्ग्रेस, पूजा बाई जाटव भाजपा, गीताबाई आम आदमी पार्टी, संध्या जाटव निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 13 चाव ?ी वार्ड से अखिलेश राय ने भाजपा से, राहुल राय ने कांग्रेस वार्ड क्रमांक 14 राधाबल्लभ वार्ड से जिनेश जैन कांग्रेस, पंकज सोनी भाजपा, संदीप कुमार निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 15 वीजासेन वार्ड से शिल्पी साहू कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 16 राजीव वार्ड से यामिनी सराठे कांग्रेस , संगीता भाजपा वार्ड क्रमांक 17 जवाहर वार्ड से सुषमा साहू निर्दलीय, शुभी जैन कांग्रेस, जया जय सिंघानी भाजपा, शायरा बी निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 18 वार्ड से जगदीश वार्ड से उमा शैली राजपूत कांग्रेस, पूजा राय भाजपा, आकांक्षा रावत ने कांग्रेस से, वार्ड क्रमांक 19 विवेकानंद वार्ड से उमा कश्यप कांग्रेस, आरती भारतीय जनता पार्टी, तुलसा बाई निर्दलीय वार्ड क्रमांक 20 निरंजन वार्ड से कलाबाई भाजपा, अर्चना बाई भाजपा, मालती बाई युवा कांग्रेस , पार्वती बाई निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 21 शिवाजी वार्ड से सविता दुबे ने आम आदमी पार्टी से मनीषा युवा कांग्रेस, वैशाली राय भाजपा तथा सीमा निर्दलीय, वार्ड क्रमांक 22 वार्ड शास्त्री से शुभम राजपूत भाजपा, बद्री प्रसाद गुप्ता ने कांग्रेस, वार्ड क्रमांक 23 पटेल वार्ड से मेघराज कोरी ने निर्दलीय, चंचल कोरी भाजपा, देवी सिंह मिर्धा निर्दलीय, मोतीलाल ने कांग्रेस वार्ड क्रमांक 24 नरसिह वार्ड से संगीता चौकसे कांग्रेस , प्रतिष्ठा भाजपा, वंदना सोनी निर्दलीय तथा पूजा छीपा निर्दलीय के नाम निर्देशन पत्र वैध पाए गए, आज नामांकन वापसी के अंतिम दिन देखना होगा कितने अभ्यार्थी नामांकन पत्र वापस लेते हैं ।

पंचायत चुनाव में भी मिले मत देने का अधिकार

सिहोरा, (यशभारत) त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव कार्य मे लगे शासकीय कर्मचारियो को भी अपना मत पोस्टल बैलिट के माध्यम से देने का अधिकार मिले। यह बात शासकीय यशोदा बाई कन्या शाला खितौला बाजार की शिक्षिका श्रीमती दीप्ती सिंह बैस ने अपने चुनाव ट्रेनिंग के दौरान अधिकारियो के समझ रखी पर सन्तोष जनक उत्तर प्राप्त न होने पर उन्होने रिटर्निंग अधिकारी (एस.डी.एम.एवं तहसीलदार)से अपनी बात रखी जिसमे उन्होने मत का प्रयोग न होने की बात कही जिससे चुनाव आयोग को सम्पर्क कर सभी शासकीय कर्मचारियो को अपने मत देने के मौलिक अधिकार के लिए किसी प्रकार व्यवस्था की मांग की है।

रिप्टा बदहाल दुर्घटनाओं को दे रहा है खुला निमंत्रण, नपा की अनदेखी होसकती हैं घातक

गाडरवारा(यश भारत) स्थानीय बस स्टैंड के पीछे शिवाजी वार्ड में नाले के ऊपर से रिप्टा पुल बनाया गया था जो गुणवत्ता विहीन होने के चलते बीच में से क्षतिग्रस्त हो गया जिससे रोजाना आवागमन करने वालों को भारी खतरा उठा कर वहां से आवागमन करना पड़ रहा है रपटा के ठीक नीचे गहरा नाला है अगर कोई इसमें करता है तो यह दुर्घटना जानलेवा भी हो सकती है उल्लेखनीय है कि वहां से गाड़ी निकालने के लिए रोजाना बेतहाशा जद्दोजहद स्थानीय वार्ड वासी करते हैं वह महिलाओं बच्चों को भी भारी जोखिम उठाकर वहां से निकलना पड़ता है अनेक बार शिकायतें स्थानीय लोगों द्वारा नगर पालिका में की गई हैं परंतु आज दिनांक तक समस्या जस की तस बनी हुई है ।

दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

नरसिंहपुर यभाप्र। न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा बलात्कार करने के प्रकरण में लखन उर्फछोटू पिता विष्णु प्रजापति निवासी श्यामनगर चौकी झोतेश्वर थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 376, 506 भाग दो भादंसं एवं धारा 4 सहपठित धारा 3 क धारा 6 सहपठित 5 पाक्सो एक्ट में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभियोक्त्री ने 28 दिसम्बर 2020 को इस आशय की देहाती नालसी लेखब कराई कि लाकडाउन के 10-15 दिन बाद अप्रैल महीने की घटना है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अनेक आयोजन

सिहोरा, (यशभारत) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगह जगह आयोजन किए गये जिसमे सभी ने योग की विभिन्न क्रियाओं में योग किया।

स्व सेवा संयोजन समिति का आयोजन

जैन मंदिर झंडा बाजार सिहोरा में संचालित योग शाला में स्व सेवा संयोजन समिति एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान मे विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य मे प्रमोद साहू की अध्यक्षता, डा आनंद मोहन जैन के मुख्य आतिथ्य एंव अंजना सराफ के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। साप्ताहिक कार्यक्रमों के श्रृंखला बद्ध आयोजन मे मंत्र उच्चारण आसन प्राणायाम दंड संचालन का अभ्यास योग चित्रकला स्लोगन आदि विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन सीनियर और जूनियर 2 ग्रुपों किया गया। सीनियर ग्रुप में तनिष्क बर्मन तृतीय, प्रियंका पटेल द्वितीय, कात्यायनी शर्मा प्रथम रही वही जूनियर ग्रुप में तृतीय कथांशी जैन,मौली खरया द्वितीय, आद्या पहारिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।संदेश परक पुरस्कार निखिल पाटकर एवं बेस्ट योग चित्र का पुरस्कार खुशी साहू को मिला। भाग्या विश्वकर्मा, साँझ जैन,स्नेहा पटेल, अरहम जैन, अनुष्का कोहली, अविका जैन, वेदिका यादव, मुस्कान यादव को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दंड संचालन का प्नदर्शन निशा ठाकुर और अक्षांश साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर आर पी नायक, आरके सेन, रविगोपाल चौरसिया के कुशल संयोजन में यह कार्यक्रम सपन्न हूआ इस अवसर नेहरु युवा केन्द्र से एन वाय के एस जानकी पटेल, सुषमा खरे,किरण नखरा, दीप्ति जैन, किरण जैन, संजय जैन, हिमांशु, ओम बर्मन, राकेश बर्मन, छबि साहू,घनश्याम बर्मन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन स्व सेवा संयोजन समिति की सह कोषाध्यक्ष सारिका साहू ने किया एवं अध्यक्ष सुषमा सिंह कर्चुली द्वारा सभी लोगों का आभार किया गया।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन

नेहरू युवा केंद्र संगठन जबलपुर के विकासखंड सिहोरा मझौली में विभिन्न युवा एवं महिला मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के महत्व एवं जागरूकता के उद्देश्य से योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में विष्णु वराह मंदिर के पास नेहरू युवा केंद्र और युवा एवं खेल मंत्रालय के संयोजन से पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक सनिल यादव और योग प्रशिक्षक श्री योगेंद्र श्रीवास्तव जी के निर्देशन में योग प्रतिभागियों ने विभिन्न आसन दिखाकर सभी को अचंभित कर दिया। इस दौरान शासकीय कन्या शाला की प्राचार्य और समस्त शिक्षकगणों,एहसान कुरेशी, दुर्गा ठाकुर, अलका दुबे, शारदा ठाकुर, सावित्री गोष्ट ,एलएनटी कुजूर राष्ट्रीय स्वयंसेवक स्नेहलता उपस्थिति में केंद्र की ओर से योगेंद्र श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार खलरी महगवां में रानी दुर्गावती महिला मंडल की सदस्यों द्वारा ग्रामीणों के साथ योग आसन कर योग की महत्वता को समझाया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक स्नेहलता यादव ने सभी को धन्यवाद दिया।

नलों में आ रहा मटमैला और गंदा पानी

गोटेगांव, (यशभारत)। नगर के पटेल वार्ड नगरपालिका परिषद के पीछे एवं समस्त नगर में सुबह के समय पेयजल सप्लाई में मटमैला और गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है जो पीने के लायक ही नहीं है।पटेल वार्ड एवं सभी नगरवासी इस मटमैले और गंदा पानी नलों में आने से परेशान हैं।स्मरण हो कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है वैसे भी इस मौसम में बीमारियां अपने पैर पसारने लगती हैं उस पर यह गंदा पानी पीने से नगर की जनता पर बीमारी का पहा? टूटने की आशंका भी बलबती होती जा रही है।ऐसा नही है कि यह अभी अभी हो रहा है विगत 15 दिन से ऊपर हो जाने के बाद भी इस गंदे पानी की ओर पालिका का ध्यान ही नहीं है।जबकि सैंकडों की तादाद।में कर्मचारी नगर पालिका में कार्यरत हैं।फिर इस गंदे पानी की सप्लाई की ओर किसी का ध्यान ही नहीं हैं।इतने ज्यादा कर्मचारी किसी विभाग में भी नहीं होंगे।उसके बाद भी सेवानिवृत कर्मचारियों से भी कार्य कराया जा रहा है जो कि नगर में जनचर्चा का विषय बना हुआ है कि इतने ज्यादा कर्मचारी हैं फिर भी कमी बनी है।नगर पालिका से पटेलवार्ड के वासियों एवं नगर वासियों ने स्वच्छ पेयजल जनता को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।शासन इस ओर ध्यान दे।

पालिका के पीछे पटेल वार्ड की नालियां हो रहीं चोक

गोटेगांव, (यशभारत)। नगर की पटेल वार्ड में इस समय भारी अनियमितताएं पाई जा रही हैं जहां एक और वार्ड वासियों को पीने के लिए स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है वही इस वार्ड की नालियां भी गंदगी के चलते अपनी बर्बादी पर आंसू बहा रही है जबकि ठीक नगर पालिका परिषद कार्यालय के पीछे की नालियां भी कचरे के अंबार से लबालब पड़ी हैं और सफाई कर्मचारियों की नगर पालिका में भरमार भी है सफाई कर्मचारियों पर शासन लाखों रुपए का राजस्व भी बर्बाद कर रहा है फिर भी पटेल वार्ड की एवं नगर की साफ सफाई व्यवस्था चरमरा गई है लोगों ने बताया कि नगर पालिका परिषद के पीछे कुछ लोगों ने पालतू जानवर जैसे गाय भैंस आदि पाले हुए हैं उनका जो कचरा निकलता है चारा भूसा गोबर इत्यादि को पशु मालिक सफाई करते वक्त यश कचरे को नालियों में डाल दिया जाता है जिस कारण नालियां चोक होती हैं एवं बदबू मारने लगती हैं जिससे आसपास रहने वाले नागरिकों को परेशानी होती है वैसे तो कहा जाए पूरे नगर की साफ सफाई व्यवस्था ही लड़खड़ा गई है कहीं सफाई होती है तो कहीं कचरे का अंबार लगा रहता है सफाई कर्मचारी अपने छुटपुर कार्यकाल की अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते जिससे नगर वासियों को परेशानी होती है स्मरण हॉकी पहले जब सफाई कर्मचारियों की संख्या कम तो गोटेगांव शहर में सुबह एवं शाम को झाड़ू लगाई जाती थी जिससे नगर का वातावरण स्वच्छ एवं सुंदर रहता था परंतु अब सफाई कर्मचारियों की अटूट भरमार है फिर सिर्फ एक टाइम शहर में झाड़ू लगना कहां का न्याय है पगार तो कर्मचारियों को पूरी ही मिलती है फिर दो टाइम झाड़ू लगवाने से नगर पालिका क्यों कतराती है बहरहाल पावर हाउस के इर्द-गिर्द एवं नगर पालिका के पीछे नालियों में कचरी की भरमार है जो की सफाई व्यवस्था चाह रही हैं ऐसे में नगर पालिका से पटेल वार्ड वासियों ने अनुरोध किया है कि इस वार्ड को गंदगी से मुक्त करा कर अपनी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें शासन से आग्रह है कि इस ओर ध्यान दें।

महाप्रबंधक ने शपथ दिलाकर किया योग

जबलपुर, यशभारत । आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर संपूर्ण भारत में 8 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर मैसूर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भुवनेश्वर के कोणार्क मंदिर से केन्द्रीय रेल मंत्री, अश्विनी वैष्णव द्वारा योगाभ्यास किया गया। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय एवं जबलपुर मण्डल के सयुंक्त तत्वाधान में रेल सौरभ अधिकारी क्लब एवं सतपुड़ा क्लब में 8 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के कार्यक्रम को पश्चिम मध्य रेल के योगाभ्यास कार्यक्रम के साथ वर्चुअल माध्यम से जोड़ा गया एवं रेल सौरभ अधिकारी क्लब में 117 एवं सतपुड़ा क्लब में 124 लोगों ने माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय रेल मंत्री जी के साथ वर्चुअल माध्यम से कॉमन योगा प्रोटोकाल के तहत योगा अभ्यास किया। पश्चिम मध्य रेल के उपरोक्त योगाभ्यास के कार्यक्रम को यू-ट्यूब लिंक के माध्यम से रेल कर्मियों एवं रेल परिजनों ने अधिक से अधिक संख्या में घर पर रह इस योग अभ्यास कार्यक्रम से जुड़ कर इसको सफल बनाया। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित योगाभ्यास की शपथ दिलाई तथा योग अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. के. अलबेला एवं मण्डल रेल प्रबंधक श्री संजय विश्वास सहित अन्य विभागाध्यक्षों तथा अधिकारियों ने योग अभ्यास किया गया। इसी तरह पश्चिम मध्य रेल के अन्य दोनों मंडलों भोपाल एवं कोटा तथा दोनों कारखानों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के योग से संबंधित वीडियो क्लिपिंग, ऑडियो अनाउंसमेंट एवं जिंगल द्वारा पैसेंजर एवं कर्मचारियों को कॉमन योगा प्रोटोकाल के तहत योग करने हेतु प्रेरित किया गया है। इस कार्यक्रम में सत्यानन्द योग केंद्र, गोल बाजार जबलपुर के योगा प्रशिक्षक विवेक पाठक एवं श्री सतेंद्र मिश्रा ने रेल सौरभ क्लब में एवं सतपुड़ा क्लब में योगा प्रशिक्षक श्रीमती अनिता त्रिपाठी एवं मिस सिंधु ने योग करवाया।

क्षेत्रीय कार्यालय भविष्य निधि संगठन, में योग शिविर

जबलपुर, यशभारत। आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर में सोमवार से योग सप्ताह मनाया जा रहा है। योग सप्ताह में योग शिविर एवं क्विज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। योग शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय आयुक्त-।, राकेश सहरावत द्वारा किया गया। उन्होंने योग दिवस पर कार्यालय के समस्त कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनायें दी। श्री सहरावत ने कहा कि योग भारतीय जीवन पद्धति का एक विषिष्ट अंग है। योग का उल्लेख हमारे वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों, भरतीय दर्षन तथा बौद्ध परंपराओं में मिलता है। उन्होनें कार्यालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे योग को अपने जीवन में लाएं और अपने आप को स्वस्थ्य रखें। कार्यालय में आयोजित योग षिविर के प्रति अधिकारियों और कर्मचारियों में काफी उत्साह है और योगाचार्य श्री पदमाकर तलवारे जी के मार्गदर्षन में उनके द्वारा योग का अभ्यास किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुक्त-।।, श्री शुभम अग्रवाल एवं सहायक आयुक्त, पी.के. प्रधान उपस्थित रहे।

ज्ञान गंगा के बच्चों ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की शपथ ली

जबलपुर, यशभारत। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज ज्ञान गंगा इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया

गया । विद्यार्थियों द्वारा प्रातः प्रार्थना सभा के दौरान विभिन्न प्रकार के योगासन किए गए एवं योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की शपथ ली गई । बच्चों ने योग को अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणा देते हुए कविताएं प्रस्तुत की । कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय में ही शाला के खेल प्रभारी द्वारा योग करने के विभिन्न तरीके सीखे और विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन भी किया। उपरोक्त गतिविधियों के साथ.साथ आयुष मंत्रालय द्वारा चयनित उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों को आज प्रातः प्रार्थना सभा के पश्चात् मदन महल स्थित रानी दुर्गावती किला ले जाया गया । जिसमें देश के 109 स्कूलों ने हिस्सा लिया था । चयनित 57 स्कूलों में से ज्ञान गंगा अंतरराष्ट्रीय विद्यालय एक है। किले पर उपस्थित योग गुरुओं एवं विद्यालय के खेल प्रभारी द्वारा उच्च कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न गुण सीखें स तथा योग से होने वाले लाभों के बारे में जानकर अपनी जीवनशैली को सुधारने की शपथ ली । शाला प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चंदेल जी ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा देते हुए उनके सफल एवं सुखद भविष्य की कामना की।

एनसीसी कैडेट्स ने किया योग

जबलपुर, यशभारत। योग एक विज्ञान है इसमें शरीर मन और आत्मा को जोड़ने का विधान है शरीर से प्रेम है तो आसन करें सांसो से प्रेम है तो प्राणायाम करें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करते विश्व को ऊर्जावान बनाएं उक्त आशय के उदगार विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सेकंड ऑफिसर कुतुबुद्दीन अंसारी सीएचएम रामवीर सिंह सनोवर मल व शकील अनवर ने व्यक्त किए इसके पूर्व अंजुमन इस्लामिया शाला के अध्ययनरत वन एमपी आर्म ड एनसीसी कैडेट्स ने अपने कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीके गौर के कुशल मार्गदर्शन में सो योग प्रशिक्षक के साथ योग व आसन किया

विद्युत कंपनियों ने संयुक्त रूप से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

जबलपुर, यशभारत । एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अभि?यंताओं, कार्मिकों व उनके परिजनों के साथ ही शहर के अन्य नागरिकों ने मूल वाक्य-मानवता के लिए योग को जीवन का लक्ष्य बनाने का संकल्प लिया। प्रातः 6:30 बजे तरंग प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में पावर मैनेजमेंट

कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव ए. के. अलंग, हिमांशु श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, परिषद के कार्यालय प्रभारी एन. बी. क्षत्री सहित बड़ी संख्या में अभियंता, कार्मिक, उनके परिजन व अन्य नागरिक शामिल हुए। योग प्रशिक्षक कालीचरण पंडा व भोला प्रसाद ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया। **सामान्य योग अभ्यासक्रम से 45 मिनट का योगाभ्यास-** योग प्रशिक्षक कालीचरण पंडा व भोला प्रसाद ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निर्धारित सामान्य योग अभ्यासक्रम के अंतर्ग 45 मिनट का योगाभ्यास करवाया। इस योगाभ्यास में सबसे पहले प्रार्थना से शुरूआत हुई। इसके पश्चात् चालन क्रियाएं, शिथिलीकरण योगाभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक कालीचरण पंडा व भोला प्रसाद को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन क्रिस्टोफर नरोन्हा ने किया।

मन रहेगा खुश तो शरीर भी रहेगा निरोग - ब्रह्माकुमारी बाला दीदी

जबलपुर, यशभारत। योग साधकों का मार्गदर्शन करने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बी के बाला बहन जी और लेफ्टिनेंट कर्नल बी के विकास राव चौहान जी उपस्थित थे , सिनियर डिविजनल सिक्यूरिटी कमिश्नर अरुण त्रिपाठी जी और आर पी एफ के अनेक अधिकारी और जवानो ने लिया कार्यक्रम का लाभ बी के बाला दीदी ने कहा कि राजयोग से जीवन में स्थायी खुशी प्राप्त की जा सकती है। वर्तमान समय लोग खुशी को भौतिक पदार्थों में ढूँढ रहे हैं किन्तु भौतिक पदार्थों से स्थायी खुशी नही मिल सकती है।आप अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेलवे पुलिस ?ोर्स , वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रही थीं।लेफ्टिनेंट कर्नल बी के विकास राव चौहान जी ने से एक-एक योगासन से होने वाले लाभ का वर्णन करते हुए सभी का सामूहिक योग अभ्यास करने के लिए मार्गदर्शन किया।

केन्द्रीय जेल जबलपुर में परिरूद्ध बंदियों के हितार्थ योग

जबलपुर, यशभारत! मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशन में, नवीन कुमार सक्सेना प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा राजीव कर्महे सदस्य-सचिव मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में तथा ी उमाशंकर अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आरोग्य भारती महाकोशल प्रांत एवं अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन के सहयोग से केन्द्रीय जेल जबलपुर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस हेतु आरोग्य भारती एवं अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन द्वारा बंदियों को 07 दिवसीय योग प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर अग्रवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी मोहम्मद जिलानी, संचालक जबलपुर हॉस्पिटल डॉ. राजेश धीरावाणी, जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर तथा आरोग्य भारती एवं अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारीगण एवं केन्द्रीय जेल जबलपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्मृति मंधाना टॉप-10 में भारत की एकमात्र बल्लेबाज

झूलन गोस्वामी की रैंकिंग में आई गिरावट

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मंगलवार को ताजा महिला वनडे रैंकिंग जारी की। ताजा

रैंकिंग में बल्लेबाजों में स्मृति मंधाना ने अपना आठवां स्थान बरकरार रखा है। वहीं, दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को गेंदबाजों की लिस्ट में एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा। 25 साल की मंधाना ने इस साल नौ मैचों में 411 रन बनाए हैं। इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ इस साल वर्ल्ड कप में लगाया गया एक शतक भी शामिल है। वह टॉप-10 में शामिल भारत की एकमात्र बल्लेबाज हैं। इस लिस्ट में टॉप पर ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली हैं। दूसरे नंबर पर इंग्लैंड की नताली स्कीवर हैं। वहीं, गेंदबाजों की रैंकिंग की बात करें तो झूलन पांचवें से छठे स्थान पर लुढ़क गईं। 39 साल की झूलन ने इस साल नौ वनडे खेले हैं। इसमें उन्होंने 12 विकेट लिए हैं। झूलन को अपना स्थान दक्षिण अफ्रीका की अयाबोंगा खाका के हाथों गंवाना पड़ा। आयरलैंड के खिलाफ वनडे में अयाबोंगा ने शानदार प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन गेंदबाजों की लिस्ट में टॉप पर हैं। वहीं, दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका की जेन जोनासेन हैं। ऑलराउंडर की लिस्ट में भारत की दीप्ति शर्मा सातवें स्थान पर बरकरार हैं। **(एजेंसी)**

क्यों गेल तुझे भी भागना है?

माल्या के साथ वायरल तस्वीर पर लोगों ने यूनिवर्स बॉस को किया ट्रोल

वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर और यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर क्रिस गेल सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। दरअसल, आईपीएल की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के पूर्व मालिक और भगोड़े व्यवसायी विजय माल्या ने गेल के साथ सोशल मीडिया हैंडल ट्विटर पर एक तस्वीर शेयर की है। इसके बाद माल्या और गेल दोनों ट्रोल हो गए। गेल ने इस पोस्ट में गेल को अपना एक अच्छा दोस्त भी बताया है। गेल कई सालों तक आरसीबी का हिस्सा रहे थे। माल्या ने अपने ट्वीट में लिखा- मेरे अच्छे दोस्त क्रिस्टोफर हेनरी गेल, यूनिवर्स बॉस के साथ मुलाकात शानदार रही। जब मैंने उन्हें आरसीबी टीम के लिए खरीदा था तब से हमारी अच्छी बहुत अच्छी है, सुपर फ्रेंडशिप। किसी खिलाड़ी की अब तक की सबसे अच्छी खरीद। इस ट्वीट पर 32 हजार से ज्यादा लाइक्स और कई कमेंट्स आ चुके हैं। लोग माल्या के साथ-साथ गेल को भी ट्रोल कर रहे हैं। इसके अलावा ये ट्वीट 1300 से ज्यादा री-ट्वीट भी हो चुका है। सैम नाम के एक यूजर ने लिखा- क्यों भाई गेल तुझे भी लूटके भागना है? वहीं, कमलेंदु भुषण नाम के यूजर ने लिखा- आज तो बैंक हॉलीडे भी नहीं है। **(एजेंसी)**

फिका की पहली महिला अध्यक्ष बनीं पूर्व दिग्गज महिला क्रिकेटर

वनडे में उनके नाम है रिकॉर्ड

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर्स महासंघ (फिका) को नया अध्यक्ष मिल गया है। ऑस्ट्रेलिया की पूर्व महिला दिग्गज क्रिकेटर लिसा स्थालेकर फिका की पहली महिला अध्यक्ष बन गई हैं। स्विट्जरलैंड के नियोन में आयोजित फिका कार्यकारी समिति की बैठक में 42 साल की स्थालेकर के नाम पर मुहर लगी। स्थालेकर ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान भी रह चुकी हैं। लिसा से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज बैरी रिचर्ड्स, वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर जिमी एडम्स और हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज विक्रम सोलंकी यह पद संभाल चुके हैं। कोरोना महामारी के बाद फिका की यह पहली बैठक थी। फिका के कार्यकारी अध्यक्ष हीथ मिल्स ने कहा- हमें लिसा को अध्यक्ष बनाते हुए बेहद खुशी हो रही है। अध्यक्ष बनने के बाद स्थालेकर ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा- हम खेल के नये दौर में प्रवेश कर रहे हैं। अब चाहे पुरुष हो या महिला, दोनों ही काफी क्रिकेट खेल रहे हैं। क्रिकेट अब एक वैश्विक खेल बन रहा है। इसे पूरी दुनिया में पसंद किया जा रहा है। स्थालेकर का जन्म भारत के पुणे में ही हुआ था। स्थालेकर ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए 187 मैच खेले हैं। स्थालेकर ने 125 वनडे मैचों में दो शतक और 16 अर्धशतक की मदद से 2728 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 146 विकेट भी लिए हैं। वह वनडे क्रिकेट में हजार रन बनाने और 100 विकेट लेने वाली पहली महिला क्रिकेटर थीं। इसके अलावा स्थालेकर ने आठ टेस्ट और 54 टी-20 अंतरराष्ट्रीय भी खेले हैं। उन्हें 2021 में ऑस्ट्रेलिया ने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया था। **(एजेंसी)**

श्रीलंका 30 साल बाद घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज जीता

चौथे मैच में कंगारू टीम को चार रन से हराया

श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच वनडे मैचों की सीरीज को अपने नाम कर लिया है। उसने चौथे मुकाबले में मंगलवार (21 जून) को कंगारू टीम को चार रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही लंकाई टीम ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। 30 साल में पहली बार श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू मैदान वनडे सीरीज में हराया है। पिछली बार उसे अगस्त 1992 में तीन वनडे मैचों की सीरीज में 2-1 से जीत मिली थी। 1992 से श्रीलंका को अपने घरेलू मैदान पर तीन बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में हार मिली थी। कंगारू टीम 2004, 2011 और 2016 में लंकाई धरती पर जीतने में सफल रही थी। मौजूदा सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला 24 जून को खेला जाएगा। श्रीलंका के लिए मैच में चरिथ असलंका जीत के हीरो रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 110 रन बनाए। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। श्रीलंका की टीम 49 ओवर में 258 रनों पर सिमट गई। असलंका ने अपने करियर का पहला शतक लगाया। उन्होंने 106 की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। उनके अलावा धनंजय डी सिल्वा ने 60 और वानिंदु हसरंगा ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल मार्श, पैट कमिंस, मैथ्यू कूहनेमैन ने दो-दो विकेट लिए। ग्लेन मैक्सवेल को एक सफलता हासिल हुई। ऑस्ट्रेलियाई पारी की बात करें कंगारू टीम 50 ओवर में 254 रनों पर सिमट गई। अंतिम ओवर में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन बनाने थे। कूहनेमैन ने तीन चौके लगाकर मुकाबले को रोमांचक तो बनाया लेकिन आखिरी गेंद पर पांच रन नहीं बना सके। अंतिम गेंद पर श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका ने उन्हें आउट कर मैच अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर ने 99 रन बनाए। 112 गेंद की पारी में वॉर्नर ने 12 चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए उनके अलावा पैट कमिंस ने 35, ट्रेविस हेड ने 27 और मिचेल मार्श ने 26 रन बनाए। श्रीलंका के लिए धनंजय डी सिल्वा, चमिका करुणारत्ने और जेफ्री वांडरसे ने दो-दो विकेट लिए। **(एजेंसी)**

अक्षय के साथ डेब्यू है सफलता की सीढ़ी?

ये अभिनेत्रियां कर चुकी हैं अभिनेता के साथ करियर की शुरुआत

बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार को इंडस्ट्री में काम करते हुए 30 साल से ज्यादा का समय हो गया है। अभिनेता अपने 30 साल के करियर में लगभग 100 से भी ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं और कई पुरस्कार भी जीत चुके हैं। यदि अभिनेता के फिल्मों के कलेक्शन की बात करें तो उनकी लगभग आधी फिल्में व्यावसायिक रूप से सफल रही हैं। यही कारण है कि अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाली अभिनेत्रियां अक्सर खिलाड़ी कुमार की फिल्मों से बॉलीवुड में डेब्यू करना पसंद करती हैं और इसके लिए वह एज गैप को भी नजरअंदाज कर देती हैं। हाल ही में अक्षय कुमार से 25 साल छोटी मानुषी छिल्लर ने %सम्राट पृथ्वीराज से बॉलीवुड डेब्यू किया था। वहीं 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म %क्षा बंधन से तीन अभिनेत्रियां - शाहजमीन कौर, दीपिका खन्ना और स्मृति श्रीकांत फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं।

अक्षय कुमार से उम्र में 25 साल छोटी मानुषी छिल्लर ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म %सम्राट पृथ्वीराज% से बतौर हीरोइन बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि अक्षय कुमार-स्टारर %सम्राट पृथ्वीराज% फ्लॉप साबित हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सम्राट पृथ्वीराज ने 19वें दिन 64.95 लाख रुपये का कारोबार किया है, जो कि इसके 300 करोड़ रुपये के कथित बजट से काफी कम है। फिल्म भारत में लगभग 75 करोड़ रुपये और दुनिया भर में लगभग 85-90 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है। अक्षय कुमार से उम्र में 20 साल छोटी दिव्या ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत 2004 में फिल्म %अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों% से की थी। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पिट गई। इसके बाद वह किसी भी फिल्म में नजर नहीं आईं। दिव्या ने हाल ही में %यारियां% से बतौर निर्देशक शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म %सनम रे% और %रॉय% समेत कई फिल्मों और म्यूजिक वीडियों में बतौर निर्माता और निर्देशक काम किया है। बता दें कि अक्षय कुमार के साथ दिव्या की पहली फिल्म %अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों% ने बॉक्स ऑफिस पर मात्र 11.56 करोड़ रुपये की कमाई की थी। अक्षय कुमार से उम्र में 19 साल छोटी मौनी रॉय ने 2018 में स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म %गोल्ड% से बॉलीवुड में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराई थी। उन्होंने फिल्म में इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया था कि अक्षय कुमार ने खुद फिल्म के बाद उनकी तारीफ की थी। बता दें कि 55 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 154.43 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अगर हम मौनी रॉय के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो अभिनेत्री जल्द ही फिल्म %ब्रह्मास्त्र। **(एजेंसी)**

ट्रेलर से दो दिन पहले रिलीज हुआ शमशेरा का टीजर, डाकू के किरदार में नजर आए रणबीर कपूर



फीसदी मुनाफे पर ही क्यों अटकी कार्तिक की ब्लॉकबस्टर फिल्म

मुंबई कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 2' को बॉक्स ऑफिस पर लगातार दुहने की कोशिशों में लगे इसके निर्माता भले फिल्म के मंगलवार के कलेक्शन को शानदार बता रहे हों, हकीकत यही है कि फिल्म के नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो जाने के बाद अब इसका बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंचना मुश्किल हो चला है। फिल्म की कामयाबी को लेकर इसके निर्माता इतने आशंकित थे कि उन्होंने फिल्म के डिजिटल राइट्स के लिए आमतौर पर रखे जाने वाले आठ हफ्तों के अंतराल का भी पालन नहीं किया। मोटी रकम पाने के चक्कर में ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज के चार हफ्ते बाद ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज से पहले बेच दी गई। दिलचस्प बात ये है कि ब्लॉकबस्टर फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई के बावजूद फिल्म 'भूल भूलैया 2' के निर्माताओं का मुनाफा अब तक 40 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंचा है। फिल्म 'भूल भुलैया 2' इसकी निर्माता कंपनी टी सीरीज के भाग से टूटा छींका है। फिल्म इंडस्ट्री से बाहर के हीरो कार्तिक आर्यन की इस फिल्म की रिलीज से पहले फिल्म के कलाकारों में भयंकर घमासान छिड़ा रहा। तब्बू ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज से लेकर फिल्म की रिलीज तक किसी भी प्रचार कार्यक्रम में हिस्सेदारी नहीं की। उनकी शर्त यही थी कि मंच पर कार्तिक आर्यन होंगे तो वह नहीं होंगी और वह मंच पर आएंगी तो उससे पहले कार्तिक आर्यन को मंच पर जाना होगा। इस 'शर्त' के चलते फिल्म के प्रचार में कार्तिक और तब्बू कभी एक साथ नजर नहीं आए। लेकिन, फिल्म ने शानदार ओपनिंग ली और दिखाया कि पब्लिक एक सेल्फमेड हीरो पर भी कुर्बान हो सकती है। कार्तिक आर्यन के करिश्मे ने फिल्म की ओपनिंग से लेकर पहले हफ्ते की

क्लोजिंग तक खूब रंग जमाया और फिल्म पहले हफ्ते में ही 92.05 करोड़ रुपये की कमाई करने में कामयाब रही। फिल्म ने दूसरे हफ्ते में 49.70 करोड़ रुपये, तीसरे हफ्ते में 21.40 करोड़ रुपये और चौथे हफ्ते में 12.99 करोड़ रुपये कमाई की। पांचवा वीकएंड भी फिल्म का कमाल रहा और इस दौरान भी फिल्म ने 30वें, 31वें और 32वें दिन की कमाई मिलाकर 5.68 करोड़ रुपये बटोर लिए और फिर फिल्म नेटफ्लिक्स पर आ गई। भूल भुलैया 2 से कियारा आडवानी का लुक फिल्म 'भूल भूलैया 2' के नेटफ्लिक्स पर आते ही इसका कलेक्शन पहली बार एक करोड़ रुपये नीचे आया। फिल्म ने सोमवार को 76 लाख और मंगलवार को 66 लाख रुपये ही कमाए। फिल्म की कमाई अब इससे नीचे ही होती जाएगी हालांकि सिनेमाघरों में फिल्में देखने के शौकीन लोग 'भूल भुलैया 2' को फिर से देखने भी आ रहे हैं और वीकएंड पर फिल्म की कमाई में उछाल फिर भी आ सकता है लेकिन अब इससे फिल्म के निर्माताओं को कोई मुनाफा मिलता नजर नहीं आ रहा। आपको ये जानकार हैरानी होगी कि बॉक्स ऑफिस पर अब तक 183.24 करोड़ रुपये कमा चुकी कार्तिक आर्यन की इस फिल्म से इसके निर्माताओं का मुनाफा अब तक 40 करोड़ रुपये का आंकड़ा भी नहीं छू सका है **(एजेंसी)**

घटना में पैर कटकर दूर जा गिरा

घटना में गंभीर रूप से घायल युवक

सड़क हादसे में मृतक का छाया चित्र

बच्चों की मौत की खबर देकर लौट रहे युवक की मौत, दूसरा गंभीर

मृतक का एक पैर कटकर दूर गिरा, दो किमी घिसट गयी बाइक

जबलपुर, यशभारत। बरगी के मुकुनवारा में भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना भयंकर था कि मृतक का एक पैर कटकर खेत किनारे पहुंच गया, जबकि दुर्घटनाग्रस्त बाइक दो किमी तक ऐसे ही घिसटती रही। बाइक सवार दोनों युवक एक दिन पहले तिलवारा में हुई दो बच्चियों की मौत की जानकारी रिश्तेदारों को देकर तिन्सी से तिलवारा लौट

मुकुनवारा में दर्दनाक सड़क हादसा पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

रहे थे, तभी रात में मुकनवारा में सामने से आ रही पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी अनुसार पुलिस को दशरथ प्रसाद मरावी 45 वर्ष निवासी चरगंवा हार झिरी थाना तिलवारा ने बताया कि उसका बेटा रंजीत मरावी तथा भतीजा कमलेश मरावी दोने परिवार में गमी हो जाने की सूचना दोनों बाइक से ग्राम तिन्सी गये थे । तिन्सी से वापस आते समय दोनों का मुकुनवारा में एक्सीडेण्ट हो गया है जिसकी सूचना मिलने पर गांव के लोगों के साथ मोके पर पहुंचा और दोनों को प्राईवेट वाहन से मेडिकल कॉलेज लेकर आये जहां डॉक्टर ने चैक कर कमलेश मरावी उम्र 21 वर्ष निवासी चरगंवा को मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर मामले की पड़ताल कर रही है।

R.O. WATER बर्फ से निर्मित
आईस बर्फ गोला
नीबू सोडा, शिकंजी, मसाला छाछ, लस्सी, आईसक्रीम, कोल्ड काफी, मिल्क शेक
सांची कूल जोंन
एकता चौक विजय नगर,मो. 7974758785

मॉ शक्ति
एकवा आरो सिस्टम
सभी प्रकार के आरो सैल्स एवं सर्विस के लिए सम्पर्क करें :
मो.- 9074629210
अब अपने RO की सर्विसिंग कराएं वो भी बिल्कुल फ्री
पता- शंकर नगर करमेता, जबलपुर

अनंत मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
AIMS
NABH ACCREDITED & ISO 900: 2015 CERTIFIED HOSPITAL
विगत 22 वर्षो से पीड़ित मानवता की सेवा में सेवारत्
24x7
• न्यूरो सर्जरी
• फैक्चर सर्जरी
• गैस्ट्रो सर्जरी
• बर्न सर्जरी
ट्रामा सेन्टर 24 घण्टे उपलब्ध
बिचौलियों एवं गुमराह करने वाले लोगों से सावधान
हॉस्पिटल से सीधा सम्पर्क करें, हमारे विशेषज्ञ आपकी बेहतर सेवा के लिए 24 घण्टे उपलब्ध हैं
मदन महल रेल्वे स्टेशन रोड, राईट टाउन, जबलपुर
फोन नं. 0761 - 4006484/ 96,7400779494,7400799494,7400809494,8234821556

जबलपुर में कांग्रेस के असंतुष्टों को मिली विवेक और विधायकों की संजीवनी

बगावत करने वाले पार्षदों ने की फार्म वापसी की घोषणा

जबलपुर, यशभारत। नगरीय निकाय चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस ने बागियों को मना लिया है। पार्षद के निर्दलीय फार्म भरने वाले प्रत्याशियों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य सभा सांसद विवेका तन्खा और विधायकों के समक्ष फार्म वापस लेने की घोषणा की है। मालूम हो कि पार्षद का टिकट नहीं मिलने से कांग्रेस नेताओं ने बगावत करते हुए निर्दलीय के रूप में पर्चा भरा था। असंतुष्टों की बगावत से कांग्रेस में ऊथल-पुथल मची हुई, उन्हें मानने के लिए शीर्ष नेता लगातार प्रयास कर रहे थे। इसी बीच राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और पार्टी के सभी विधायकों के बीच असंतुष्टों को बुलाया गया। एक-एक करके सासंद और विधायकों ने बागियों से बात की जिसके बाद सभी बागियों ने फार्म वापस लेने की बात कही।

अब मुम्बई का मजा जबलपुर में
Sea World
A Fantastic Water World
SEA-WORLD WATER PARK & HOTEL
Contact us :- Gram Tewar, Bhedaghat Road jabalpur (M.P), 9977005949,9993093354, 8085453573

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
● छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
● छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
● छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
● विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
● बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
● खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
● अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2022-23
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955,0761-4016415

THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
GOLDEN STAR
A MONTESSORI SCHOOL
AFFILIATED TO MP BOARD
Play Nursery | Nursery | KG I - KG II | Ist to Vth
CBSE PATTERN OF STUDY
For Details Call:
9981997833 , 9981997834
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
ADMISSION OPEN 2022-23
Founder Mrs.Anamika Singh
81,Ashok Nagar,In front of Jain Mandir,Adhartal,Jabalpur(M.P.)
Ph.No.:0761-4115332,E-mail:goldnstar81gs@gmail.com

916 हॉलमार्क जेवरी
मेकिंग चार्जेस पर पाएं 25% Discount
100% EXCHANGE On Hallmark Jewellery
लकी ड्रॉ जेवर खरीदें और जीतें लाखों के ईनाम
TWO WHEELER
आसान किस्तों में ज्वैलरी खरीदें
होलसेल एवं रिटेल विक्रेता
अरिहंत ज्वेलर्स
गोल्ड | डायमंड | सिल्वर
789, होटल समदड़िया इन, रसल चौक,जबलपुर - 8878730000

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयघाट) सीने में दर्द व भारीपन
उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना
घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 7:00 से 9:30
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

Admission Open 2022-23
A Name of Quality Education
ESTD- 2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
Dr. Vijaykant Tiwari (Director)
अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर (English & Hindi Medium)
चुने यही स्कूल क्योंकि यहाँ से-
- अधिकतम छात्र IIT/NEET/ICAR में सलेक्ट होते हैं ।
- अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, लैब, कम्प्यूटर लैब
- प्रतिवर्ष बोर्ड कक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम
- 10"/12" में परसेन्ट बढ़ाने CBSE/ICSE एम.पी. बोर्ड में एडमीशन पर स्पेशल डिस्काउन्ट
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100% रिजल्ट
स्पेशल डिस्काउन्ट का अंतिम सप्ताह
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पीछे, अधारताल, मो: 0761-4020761, 6263988587
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर मो: 9111009016

बरेला में युवक को सर्प ने डसा : तड़फते हुए विक्टोरिया में तोड़ा दम

जबलपुर, यशभारत। बरेला के वार्ड नम्बर 8 में देर रात खाना खाकर सो रहे युवक को सर्प ने डस लिया। युवक के शोर मचाने पर परिवाजनों ने देखा तो सर्प कमरे से बाहर निकल रहा था। जिसके बाद युवक को तत्काल विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां तड़फते हुए युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि भगवानदास वंशकार 59 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 8 बरेला ने पुलिस को बताया कि भतीजा बालकिशन वंशकार के बेटे संजू वंशकार 24 वर्ष को घर में सोते समय सर्प ने काट लिया था । सर्प को जाते हुये सभी लोगों ने देखा था । संजू को इलाज हेतु विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था ।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
9826035091

AFFILIATED TO CBSE
ATAL LAB
GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
SEPARATE HOSTAL FACILITY FOR BOYS & GIRLS
NURSERY TO CLASS- 12th
FREE BOOKS & UNIFORM FOR NEW ADMISSION
Raingwa, Karmeta, Patan Road Jabalpur- 9300119919 ,9300154300

गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

महात्मा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
नन्दवन्दन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Estd.2006
प्रवेश प्रारंभ 2022-23
M.Sc. (N) 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स M.S.N., C.H.N., Pedia N. Obs N. Psy N.
P.B.B.Sc. (N) 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
G.N.M. 3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
B.Sc. (N) 4 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
A.N.M. 2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स
महात्मा गाँधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, मेन रेलवे स्टेशन के पास, होटल कल्चुरी के सामने, डिलाइट टॉकीज कैम्पस, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर
Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079, 9200007074

स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No. 95758 01020
www.shalby.org

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →बकेट टोस्ट →केला
जिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेज →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेट पीनट
मनोज संगतानी मो. 9301997304

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)